दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 8 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 159 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारत में होने जा रहे जी-20 के शिखर सम्मेलन से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने किनारा कर लिया है। वे अपनी जगह प्रधानमंत्री को भेज रहे हैं। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने निराशा जताई है लेकिन भारत ने चीनी राष्ट्रपति के ना आने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। साफ है भारत को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। शी जिनपिंग की ब्रिक्स सम्मेलन में जो बेईज्जती खराब हुई थी और भारत ने भी उन्हें जो टका सा जवाब दिया था उसके बाद शी जिनपिंग समझ गए कि भारत में भी उनकी थुक्का फजीहत ही होगी इसलिए कलटी मार गए।

जी-20 मानव प्रगति की वैश्विक अपील बन गया है : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता करते हुए मानवता केंद्रित वैश्वीकरण का एजेंडा आगे बढ़ाया है और इससे यह मंच मानवता की प्रगति के लिए वैश्विक अपील बन गया है। मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थायी सदस्य बनाये जाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है। जी20 शिखर सममेलन 2023 की पूर्व संध्या पर एक ब्लाग में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने इसमें भारत के यूपीआई जैसी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सुविधाओं को दूसरे देशों की जनता की भलाई के लिए प्रस्तुत करने की भी पेशकश की है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के बाद वैश्वीकरण को मानव केंद्रित, आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण तथा बुपक्षीय व्यवस्था के लिए आग्रह की मजबूती जैसे बदलाव हुए है।

हमारा एक ही मूल मंत्र है, वसुधैव कुटुंबकम

जी-20 को लेकर हमारा एक ही मूल मंत्र है, वसुधैव कुटुंबकम, जहां वैश्विक कल्याण का लक्ष्य लेकर हम दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचना चाहते हैं। मोदी ने अंग्रेजी में अपने ब्लाग में लिखा है, वसुधैव कुटुंबकम' - ये दो शब्द एक गहरे दर्शन को दर्शाते हैं। उन्होंने इस दर्शन को सीमाओं, भाषाओं और विचारधाराओं से परे एक सर्वव्यापी दृष्टिकोण बताते हुए कहा है, यह हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान, यह मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान में तब्दील हो गया है। एक पृथ्वी के रूप में, हम अपने ग्रह का पोषण करने के लिए एक साथ आ रहे हैं। एक परिवार के रूप में, हम विकास के प्रयास में एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। और हम एक साझा भविष्य - एक भविष्य - की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं, जो इस परस्पर जुड़े समय में एक निर्विवाद सत्य है।

जी20 का आयोजन कोई अपवाद नहीं

: प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, बड़े पैमाने पर चीजों को पूरा करना एक ऐसा गुण है जो भारत के साथ जुड़ा हुआ है। इस तरह भारत की अध्यक्षता में जी20 का आयोजन कोई अपवाद नहीं है। यह एक जन-संचालित आंदोलन बन गया है उन्होंने कहा है, हमारे कार्यकाल के अंत तक 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी करते हुए, हमारे देश के 60 भारतीय शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की गई होंगी। किसी भी देश ने अपनी अध्यक्षता में कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार के स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया है।

प्रत्याशियों की पहली लिस्ट पर देर रात तक मंथन, आज राजनांदगांव में सभा

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर गुरूवार शाम रायपुर पहुंचें। राजधानी पहुंचते ही खड़गे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक ली। कांग्रेस की पहली लिस्ट को लेकर बैठक में लंबी चर्चा की गई। वहीं आज शुक्रवार को राजनांदगांव में खड़गे की सभा होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरूवार रात 8 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचे। उन्हें रिसीव करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत पार्टी के बड़े नेता एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से सीधे नवा रायपुर के होटल मेफेयर पहुंचे, जहां देर रात तक मीटिंग चली। बैठक में पार्टी के बड़े नेता शामिल रहे। टिकट के अलावा घोषणा पत्र और अन्य चुनावी मुद्दों को लेकर भी लंबी बातचीत हुई। कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची खड़गे के राजनांदगांव दौरे के बाद जारी होगी। लिस्ट 9 या 10 सितम्बर तक जारी होने की संभावना है।

कांग्रेस के 30 नामों पर चर्चा : बिलासपुर, सरगुजा बस्तर संभाग की विधानसभा और वीआईपी सीटों में सिंगल नाम कांग्रेस ने तय कर लिया है। संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने संकेत दिया है कि पहली लिस्ट में 30 विधानसभा प्रत्याशियों को नामजद है।

आसियान समिट से भारत लौटे पीएम

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार सुबह इंडोनेशिया के जकार्ता में आसियान-इंडिया समिट में शामिल हुए। इसके बाद वे भारत रवाना हुए और शाम करीब 6.10 पर नई दिल्ली पहुंच गए। आसियान में पीएम ने अपने 5 मिनट के संबोधन में कहा- 21वीं सदी एशिया की सदी है, वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर हमारा मंत्र है। पीएम मोदी ने आगे कहा - भारत के इंडो पैसेफि क इनिशिएटिव में भी आसियान का प्रमुख स्थान है। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्रीय स्तंभ है। आज वैश्विक अनिश्चिततओं के माहौल में, हमारे आपसी सहयोग में वृद्धि हो रही है। हमारी साझेदारी चौथे दशक में प्रवेश कर रही है। इस समिट के शानदार आयोजन के लिए मैं राष्ट्रपति विडोडो का अभिनंदन करता हूं।

शेयर बाजार सवा महीने के उच्चतम स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बावजूद अमेरिकी बॉन्ड यील्ड एवं कच्चे तेल की कीमतें गिरने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार पांचवे दिन चढ़ता हुआ करीब सवा महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 385.04 अंक अर्थात 0.58 प्रतिशत की छलांग लगाकर सवा महीने के उच्चतम स्तर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 66265.56 अंक पर पहुंच गया। इससे पूर्व एक अगस्त को यह 66459.31 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 116 अंक यानी 0.59 अंक उछलकर 19727.05 अंक पर रहा। पिछले लगातार पांच दिन में सेंसेक्स 1434 और निफ्टी 473 अंक की उछाल रही है।

'भारत और इंडिया' में भिड़ंत कराने हो रही है साजिश : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा देश में भारत और इंडिया की बीच भिड़ंत करने की कोशिश की जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन लोग हैं इसका उनकी पहचान हो चुकी है इसलिए उन्हें देश की जनता करारा जवाब देगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और इंडिया को लड़ने वाली इन ताकतों ने 'भारत जोड़ो यात्रा' को सफल करने की बहुत कोशिश की थी और कई षड्यंत्र किए गए लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने कहा, सवाल है कि एक जुड़ा हुआ भारत किसे परेशान कर सकता है। वे कौन ताकतें हैं जो 'भारत' को 'इंडिया' से भिड़वा रही हैं। आज यह सवाल बेहद जरूरी है क्योंकि यह देश के वर्तमान और भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। प्रवक्ता ने कहा, यही ताकतें हैं जो भारत और इंडिया के बीच टकराव पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। गोल्ड हो या सोना, इसे अंग्रेजी में बोलो या हिंदी में, कीमत नहीं बदलेगी। देश की जनता उन लोगों के चेहरे पहचान चुकी है जो आपस में झगड़ा कराना चाहते हैं इसलिए वे अब 'इंडिया और भारत' करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत छोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, आज ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ पर मैं लाखों निडर भारतीयों का धन्यवाद करता हूं। यह यात्रा मीलों और किलोमीटरों में नहीं नापी जा सकती है। यह यात्रा सैकड़ों भाषाएं, लाखों आहें, करोड़ों उम्मीदों के रास्ते से होते हुई भारत के दिल में समा गई। यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। यात्रा अभी चल रही है। जब 'भारत जोड़ो यात्रा' चल रही थी, तो इसे असफल करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग, यूपी, एमपी, बिहार समेत 19 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में मानसूनी बारिश का दौर लौट आया है। अगस्त में लगा मानसूनी ब्रेक 3-4 सितंबर को हटा है। इसके बाद बीते दो दिन से उन राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है, जहां सूखा पड़ा हुआ था। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आज (8 सितंबर) देश के 19 राज्यों में जोरदार बारिश हो सकती है। इसके अगले दो दिन यानी 9 और 10 सितंबर को भी 14 राज्यों में तेज बारिश का अनुमान लगाया गया है। लंबे समय से अच्छी बारिश को तरस रहे तमिलनाडु में भी अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। भारत

में एक सदी से भी ज्यादा समय में इस बार सबसे सूखा अगस्त रहा। इसमें सामान्य से 36 प्रतिशत कम बारिश हुई। मौसम एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा और सितंबर में बारिश की कमी पूरी हो जाएगी। एक्सपर्ट्स ने 4 सितंबर के बाद बारिश में तेजी आने का अनुमान लगाया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन आज आएंगे भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन आज 8 सितंबर को 3 दिन के दौरे पर भारत आ रहे हैं। ये राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। वो शाम को एयरफोर्स-1 से दिल्ली पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी भी उन्हें रिसीव कर सकते हैं। 8 सितंबर को बाइडेन पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। पहले व्हाइट हाउस ने बताया था कि वो 7 सितंबर से दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। अब व्हाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वो अमेरिका से जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जाएंगे। वहां से भारत आएंगे। इसके बाद 9-10

सितंबर को वो जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। बाइडेन को दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहराया जाएगा। बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम 3 दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बाइडेन सीक्रेट सर्विस के 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी उनका ही होगा, जिसमें 55-60 गाड़ियां शामिल होंगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाइडेन के लिए दुनिया की सबसे सेफ कार 'द बीस्ट' को भी भारत लाया जा रहा है। इसी कार में बैठकर वो जी-20 समिट के लिए जाएंगे। एक समय पाकिस्तान का सपोर्टर रहा अमेरिका पिछले कुछ समय से लगातार भारत को अपना दोस्त बता रहा है। वहीं भारत भी अमेरिका के साथ स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप बढ़ाने पर फोकस कर रहा है।

रूसी हमले में 17 यूक्रेनियों की मौत

कीव (एजेंसी)। पूर्वी यूक्रेन के कोस्टियानटिनिव्का शहर में रूस के हमले में 17 लोगों की मौत की खबर है। इस हमले में मार्केट, दुकानों और फार्मेसी को निशाना बनाया गया है। ये शहर पूर्वी फ्रंट-लाइन में यूक्रेन के तबाह शहर बखमुत के करीब है। हमले के वक्त बाजार में काफी भीड़ थी। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की है उन्होंने कहा कि इस हमले में मारे गए लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में कुल 32 लोग घायल हुए हैं। ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन यूक्रेन के दौरे पर है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की है। साथ ही उन्होंने यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमीत्रो कुलेबा के साथ भी मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने यूक्रेन को 1 बिलियन डॉलर की सहायता मुहैया कराने की घोषणा की है। इस नई सहायता में यूक्रेन को 665 मिलियन डॉलर की सैन्य और सुरक्षा सहायता शामिल है।

अब डीएमके नेता राजा बोले- सनातन धर्म एचआईवी कोढ़ जैसा

चेन्नई (एजेंसी)। डीएमके नेताओं की तरफ से सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिए जा रहे हैं। ताजा टिप्पणी पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा की है। इसमें उन्होंने कथित रूप से एक सभा में सनातन धर्म को एचआईवी (एड्स) और कोढ़ जैसा बता दिया।

राजा के बयान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपमानजनक करार दिया। प्रधान ने कहा कि नाम बदलने से किसी का चरित्र और इरादा नहीं बदल जाता। राजा का सनातन धर्म पर दिया गया बयान इंडियन नेशनल डेवलमेंटल इनक्लूसिव अलायंस का मानसिक दिवालियापन और हिंदूफोबिया (हिंदू से डर) दिखाता है। देश देख रहा है कि कांग्रेस और उसके दोस्त भारत की आत्मा और जड़ों को गंदा कर रहे हैं। तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में 2 सितंबर को एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था। 4 दिन बाद 7 सितंबर को उन्होंने पहली बार सफाई दी। उन्होंने कहा, 'मैं किसी भी धर्म का दुश्मन नहीं हूं। मेरे बयान का गलत मतलब निकाला गया।' ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आकाशगंगा मार्केट जलमग्न दुकानों में तैर रहे एसी, पंखे, फ्रीज

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग और भिलाई में महज चंद घंटों की बारिश में नगर का व्यवसायिक परिसर आकाशगंगा जलमग्न हो गया। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की ग्राउंड फ्लोर की सभी दुकानें पानी में डूब गई हैं। रातभर की तेज बारिश से दुकानदारों को लाखों रुपए का नुक्सान पहुंचा है। खासकर इलेक्ट्रॉनिक और होम एप्लायंसेस वाले कारोबारियों ने जब दुकान सभी महंगे सामान पानी में तैरते मिले। दुकान खोलते ही बारिश के पानी में तैरते ऐसी, फ्रीज, टीवी और पंखे समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स आयटम का खराब होना तय है। जानकारी के मुताबिक आकाशगंगा कॉम्लेक्स में पानी भरने की गुंजाइश देखते हुए कारोबारियों ने निगम को व्यवस्था करने की गुहार लगाई थी। रातभर हुई बारिश कुछ देर के लिए रुकि और फिर आज सुबह से रफ्तार पकड़ ली। समाचार लिखे जाने तक बारिश से हुए नुकसान का आंकलन और महंगे इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स को सहेजने के लिए मशक्कत कर रहे थे। तब तक निगम की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव आयोग ने एडीआर की याचिका का किया विरोध

नई दिल्ली (वार्ता)। चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों का 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली याचिका का उच्चतम न्यायालय के समक्ष विरोध किया है। चुनाव आयोग ने एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर एक हलफनामा दायर करके कहा कि शत-प्रतिशत वीवीपैट पर्चियों की गिनती ईवीएम के उपयोग की भावना के खिलाफ होगी। इसका मतलब पुराने पेपर बैलेट व्यवस्था पर वापस लौटना होगा। चुनाव आयोग ने 469 पन्नों के एक बड़े हलफनामे में यह भी दावा किया कि वीवीपैट के माध्यम से यह सत्यापित करने का मतदाताओं का कोई 'मौलिक अधिकार' नहीं है कि उनका वोट 'डाले गए वोट के रूप में दर्ज किया गया' और 'रिकॉर्ड किए गए वोट के रूप में गिना गया।' चुनाव आयोग ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से ईवीएम की गिनती और वीवीपैट पर्चियों की गिनती के बीच विसंगति हो सकती है (यानी लेकिन व्यावहारिक रूप से वीवीपैट पर्चियों की गिनती में मानवीय त्रुटि को छोड़कर), ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पत्राचार... 86.5 लाख टन मात्रा को घटाकर कर दिया है 61 लाख टन, 2.45 लाख गठान भी किया कम

केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन लक्ष्य में कटौती, सीएम ने केंद्र को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के पहले केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन लक्ष्य को लेकर एक बार फिर सियासत गर्म होने वाली है। दरअसल, पंजाब और तेलंगाना के बाद देश का तीसरा बड़ा धान उत्पादक राज्य छत्तीसगढ़ में 2023-24 खरीफ विपणन वर्ष में केंद्र सरकार ने केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन लक्ष्य में कटौती कर दी है। इसके बाद ही नए बारदाना गठान भी कम दिया है। इसे लेकर गुरूवार को छग के सीएम भूपेश बघेल ने भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन का लक्ष्य 86.5 लाख मे.टन यथावत रखने का अनुरोध किया है। साथ ही परिणामी चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति जूट कमिश्नर के माध्यम से कराए जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

सीएम ने पत्र में लिखा है कि भारत सरकार द्वारा खाद्य सचिवों की बैठक 21 अगस्त की जारी

कार्यवाही विवरण 28 अगस्त द्वारा राज्य में धान के उपार्जन अनुमान 130 लाख टन के अनुसार बनने वाले परिणामी चावल की 86.5 लाख मे.टन मात्रा को घटाते हुए 61 लाख मे.टन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जूट पैकेजिंग की छठवीं आपूर्ति योजना 06 सितंबर द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन हेतु आवश्यक नये जूट बारदानों की आपूर्ति मात्रा को कम करते हुए 3.56 लाख गठान के स्थान पर 2.45 लाख गठान किया गया है। 21 अगस्त को खाद्य सचिवों की बैठक में हुई चर्चा का का उल्लेख करते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

136.5 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान

राज्य के कृषि विभाग द्वारा प्रथम अग्रिम अनुमान के आधार पर राज्य में बोए गये धान के रकबे 36 लाख हेक्टेयर में 136.5 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। राज्य के कुछ एक स्थानों को छोड़कर मानसून की स्थिति धान के फसल के अनुरूप है। राज्य के सिंचित रकबे में कुछ स्थानों पर पानी की कमी के चलते नहरों के माध्यम से सिंचाई का प्रबंध भी किया गया है। उपरोक्त व्यवस्था के दृष्टिगत राज्य में धान का उत्पादन अग्रिम अनुमान से अधिक होना अवश्यम्भावी है।

धान के रकबे में हुई बढ़ोत्तरी

विगत वर्षों में धान के रकबे में हुई बढ़ोत्तरी के साथ-साथ राज्य के किसानों द्वारा उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग एवं बेहतर उर्वरक प्रबंधन के दृष्टिगत उत्पादकता में वृद्धि हुई है विशेषतः मध्य छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में, जिसके चलते किसानों समूहों द्वारा की गयी मांग के आधार पर राज्य में धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ को बढ़ाते हुए राज्य शासन द्वारा अधिकतम 20 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गयी है।

संपादकीय

भारत को मिली वैश्विक पहचान

भारत में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन के साथ ही भारत को अब नई वैश्विक पहचान मिलने जा रही है। वैसे भी भारत धीरे-धीरे विश्वगुरू की भूमिका में नजर आने लगा है। खास तौर पर कोरोना काल में जब दुनिया के बड़े बड़े देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई थी। तब भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत रही और कोरोना काल के बाद भारत में विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर पूरी दुनिया को चमत्कृत कर दिया। बहरहाल देश की राजधानी नई दिल्ली में होने वाली जी-20 शिखर बैठक की मेजबानी मिलने से अब और ताकतवर बनकर उभरेगा। गौरतलब है कि जी-20 दुनिया का सबसे बड़ा वैश्विक संगठन है जिसकी वैश्विक बाजार में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यह विश्व की दो तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे संगठन की अध्यक्षता करना ही भारत के लिए गर्व की बात है। जी-20 शिखर सम्मेलन में इस बार वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात् एक पृथ्वी एक परिवार और एक भविष्य का पहल पर रखा गया है। वैसे इस शिखर सम्मेलन का ऐजेंडा विकासशील देशों को ऋण देना और अंतर्राष्ट्रीय ऋण वास्तुकला को नया आकार देना ही है। जिसमें विश्व की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा पर चिंतन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत की कोशिश होगी कि वह अफ्रिकी देशों को भी जी-20 में शामिल कराए। यदि जी-20 में अफ्रिकी देशों को भी शामिल करने का मार्ग प्रस्तत हो जाता है तो निश्चित रूप से यह भारत की एक बड़ी सफलता होगी। 2007 से जी-20 ग्रुप में सदस्य देशों की संख्या नहीं बड़ी है। उम्मीद की जा रही है कि भारत की पहल पर अब इसमें अफ्रिकी देशों को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा। जी-20 शिखर सम्मेलन में विदेशी मेहमानों की अगवानी के लिए राजधानी नई दिल्ली दुल्हन की तरह सज कर तैयार है। जहां दुनिया भर के नेता भारत की संस्कृति और कला से भी रूबरू होंगे और भारत की बड़ती ताकत को भी देखेंगे। दुनिया के तमाम शक्तिशाली नेताओं ने जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रति उत्सुकता दिखाई है। सिर्फ चीन ही इसका अपवाद है जिसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जी-20 शिखर सम्मेलन से किनारा कर दिया है। जब से यह वैश्विक संगठन बना है चीन के राष्ट्रपति इसमें शिरकत करते रहे हैं यह पहली बार है कि भारत में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शामिल नहीं हो रहे हैं। वैसे तो इसमें रूस के राष्ट्रपति पुतिन भी भाग नहीं ले रहे है लेकिन उनके न आने का कारण यूक्रेन के साथ रूस की चल रही लड़ाई है। जिसके चलते रूसी राष्ट्रपति पुतिन कई वैश्विक संगठनों की बैठक में शामिल नहीं हो पाए थे। लेकिन चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग सिर्फ भारत से चल रही अदावत के कारण के कारण ही इस बैठक से दुरू बना रहे हैं। ऐसा करके वे खुद अपना नुकसान कर रहे हैं। भारत को चीनी राष्ट्रपति के आने या ना आने से कोई फर्क नहीं पड़ता और ना ही जी-20 शिखर सम्मेलन की गरिमा घटेगी। सी जिनपिंग ने इस सम्मेलन से किनारा कर भारत के प्रति अपनी खींज ही निकाली है। इसके पूर्व पिछले माह हुए ब्रिक्स सम्मेलन में जिस तरह चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग की बेईज्जइती हुई थी उसे सारी दुनिया ने देखा है जब चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग के पिछे घुसे आ रहे उनके सुरक्षा गार्ड को धकिया कर भगा दिया गया था। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सी जिनपिंग ने चर्चा करने की कोशिश की थी लेकिन भारत ने दो टूक शब्दों में कह दिया था कि जब तक भारत और चीन की सीमा पर तनाव बना रहेगा। तब चीन से बातचीत का कोई मतलब नहीं है।

जी-20 : राजनयिक कार्यक्रम को कैसे भारत ने एक आमजन के कार्यक्रम में बदला

एस. जयशंकर
केंद्रीय विदेश मंत्री

> *भारत की अध्यक्षता के दौरान उन विषयों पर व्यापक बहस एवं चर्चाएं हुई हैं, जो हमारी सामूहिक संभावनाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उनमें से वैसी चर्चाएं प्रमुख थीं जिनमें समाज की स्वीकृति संलग्न थी क्योंकिकोई भी लक्ष्य तभी व्यवहार्य होगा जब उसका संदेश वैश्विक समुदाय के माध्यम से फैले।लाइफ(पर्यावरण के लिए जीवन शैली) इसका एक अच्छा उदाहरण है, जो हमारी दैनिक आदतों में पर्यावरण के अनुकूल बदलावों को प्रोत्साहित करता है।इसी तरह, डिजिटल डिलीवरी पर प्रकाश डालना हम सभी को अपने नियमित लेनदेन में डिजिटल सुविधा को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर ध्यान अपनी ओर से सामाजिक प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। यहां तक कि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर तभी बढ़ेगा, जब वैश्विक समृद्धि में इसके महत्व के बारे में व्यापक स्तर पर जागरूकता होगी। 'मन की बात'कार्यक्रम में बोलते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 की भारत की अध्यक्षता को 'जनता की अध्यक्षता'करार दिया।यह व्याख्या और प्रेरणा दोनों हीहै, जो इस तथ्य को रेखांकित करती है कि कैसे देशभर में हमारे विचारों एवं ऊर्जा के उपयोग ने वास्तव में जी20 को यादगार बनाने में मदद की है।*

जी20 की भारत की अध्यक्षता कई मायनों में अनूठी साबित हुई है।इसने विकासशील देशों की प्राथमिकताओं एवं प्रमुख चिंताओं पर ध्यान केन्द्रित किया है, ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को मुखर किया है और जलवायु कार्रवाई एवं वित्त, ऊर्जा रूपांतरण, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कार्यान्वयन तथा तकनीकी बदलाव जैसे क्षेत्रों से जुड़ी महत्वाकांक्षाओंको सशक्त किया है।जिस बात ने जी20 की भारत की अध्यक्षता को और अधिक असाधारण बनाया है, वह है जी20 से संबंधित विभिन्न आयोजनों एवं गतिविधियों में देशभर के लोगों की व्यापक भागीदारी या 'जन भागीदारी'। यह अध्यक्षता सिर्फ सरकार के शीर्ष स्तर तक ही सीमित नहीं रही है।विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र - शासित प्रदेशों के लोगों की सक्रिय भागीदारी के जरिए, जी20की भारत की अध्यक्षतासही अर्थों में 'आम जन का जी20' साबित हुई है। कुल 60 शहरों में आयोजित लगभग 220 बैठकें, जी20 की विभिन्न बैठकों में लगभग 30,000 प्रतिनिधियों की उपस्थिति, इन बैठकों से जुड़े विभिन्न सहयोगी कार्यक्रमों में 100,000 से अधिक प्रतिभागियों के साथ-साथ देश के सभी कोने से नागरिकों की भागीदारी, जी20 की अध्यक्षता विभिन्न तरीकों से आम लोगों के साथ जुड़ी हुई है।

विभिन्न संबंधित मंत्रालयों ने पूरे उत्साह के साथ सक्रिय भागीदारी को प्रेरित किया है।शिक्षा मंत्रालय ने जनभागीदारी पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है। इन कार्यक्रमों मेंविद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं बड़े पैमाने पर समाज के विभिन्न हितधारकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही है।राज्य और जिले से लेकर प्रखंड, पंचायत व स्कूल स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने जी20, राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा बुनियादी शिक्षा एवं संख्यात्मकता, जोकिजी20 की भारत की अध्यक्षता की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं, के बारे में जागरूकता पैदा की है। इन आयोजनों में सामूहिक रूप से 23.3 करोड़ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इनमें 15.7 करोड़ विद्यार्थी, 25.5 लाख शिक्षक और 51.1 लाख समाज के सदस्य शामिल हैं।

फिर भी, इस जनभागीदारी के मायने भागीदारों के आंकड़ों से कहीं आगे तक फैले हैं।आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला ने व्यापक एवं उत्साहपूर्ण जुड़ाव को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस श्रृंखला में ज्ञानवर्धक 'जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट' व्याख्यान श्रृंखला से लेकर संवादात्मक 'मॉडल जी20' बैठकें, शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जी20 सत्र, प्रमुख त्योहारों के अवसर पर 'जी20 पैवेलियन', क्विज प्रतियोगिता, सेल्फी प्रतियोगिता और मनमोहक जी20 इंडिया की कहानियां जैसी गतिविधियां शामिल हैं। विभिन्न कार्य समूहों ने सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए नवीन साधनों का उपयोग किया है। विशेष रूप से, जी20 बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य समूह ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जी20 साइक्लोथॉन और एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया।

इसके अलावा, जी20 की भारत की अध्यक्षता ने देश के सहकारी संघवाद के विशिष्ट मॉडल को रेखांकित किया है। विभिन्न राज्यों और केन्द्र - शासित प्रदेशों ने जी20 के प्रतिनिधियों का स्वागत करने, स्थानीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर उत्साह जगाने और अपनी-अपनी परंपराओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की है।कई मामलों में, इसने विकास की उन पहलों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है जिन्होंने इस तरह के आयोजन में योगदान दिया है। मणिपुर में लोकटक झील का जीर्णोद्धार, मुंबई में शहरी स्वच्छता अभियान या लखनऊ में बुनियादी ढांचे का उन्नयन इसके कुछ उदाहरण हैं।इस प्रकार के समन्वय ने न केवल वैश्विक मंच पर स्वदेशी सांस्कृतिक विरासतों एवं कारीगरों के कौशल को प्रदर्शित किया है, बल्कि विविध समुदायों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ाए हैं।कई प्रतिनिधियों ने खुद जाकर 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) की समृद्ध पहल को देखा और विभिन्न कारीगर केन्द्रों का अवलोकन किया।इसके अलावा, इसने भारत के मनोरम प्राकृतिक परिदृश्यों और स्थापत्यसंबंधी वैभव को प्रभावी ढंग से सामने रखा है, जिससे कोविड के बाद के काल में पर्यटन क्षेत्र काठोस तरीके से पुनरुत्थान हुआ है। निश्चित रूप सेजी20 कार्यक्रम को जिस तरह से देशभर में लागू किया गया है, उसके आर्थिक लाभ निरंतर सामने आ रहे हैं। देशभर में जी20 का उत्सव मनाकर, हमने समग्र रूप से राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश की है जो भारत और दुनिया, दोनों के लिए लाभदायक साबित हो। यह बात पूरी गंभीरता से कही जा सकती है कि कुल मिलाकरइसने भारत को वैश्विक स्तर के लिए तैयार तथा पूरे विश्व को भारत के लिए और अधिक तैयार कर दिया है।

विभिन्न कार्य समूह और सहभागिता समूह भी विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर सामाजिक रुचि एवं प्रतिबद्धता पैदा करने के एक शक्तिशाली मंच साबित हुए हैं। विज्ञान जैसे मामलों में, उन्होंने हमारे सामने पेश आने वाली प्रमुख चुनौतियों के बारे में सहयोगात्मक सोच के निर्माण में योगदान दिया है।इसी प्रकार, श्रम के मुद्दे पर पारस्परिक लाभ के लिए अनुभवों के आदान-प्रदान के अवसर प्रदान किए गए। 'युवा 20' विशेष रूप से प्रभावशाली रहा और इसने जनभागीदारी के दृष्टिकोण को मजबूत तरीके से पुष्ट किया। कुल 1563 बैठकों में 125,000 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी भारत की अध्यक्षता के तहत एक ऐसी ऊर्जा का संचार करने में सक्षम रही, जो वास्तव में उल्लेखनीय थी। अकेले 'सिविल 20' ने दुनिया भर के 45 लाख लोगों पर प्रभाव डाला।

जी20 की प्रक्रिया में सोशल मीडिया एक ऐसे महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभरा, जिसने नागरिकों को प्रेरित किया तथा सार्वजनिक सहभागिता को प्रज्वलित किया।इसके परिणामस्वरूप सोशल मीडिया पर 14 ट्रिलियन से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई। जनभागीदारी के क्रम में दो विश्व रिकार्ड बने।वाराणसी में जी20 क्विज में 800 स्कूलों के 1.25 लाख विद्यार्थियों का शामिल होना, इनमें से एक था।वहीं, 450 लम्बानी कारीगरों ने कढ़ाई के लगभग 1,800 अनूठे पैच का एक अद्भुत संग्रह बनाकर अपने कौशल और शिल्पकारी का प्रदर्शन किया।

नजरिया

बारिश के लिए अनूठी पूजा

आदिवासी अनादिकाल से जल-जंगल-जमीन की आराधना करते आ रहे है। जब भी उन्हें कोई संकट होता है, तो वे अपने आराध्य से संकट निवारण की गुहार लगाते है। जात्रा हो या माता दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना आदिवासी पूरी निष्ठा और विश्वास के साथ अपने आराध्या से अपने दिल बात कहते है। आदिवासियों को पूरा विश्वास है कि देवी-देवता को गुहार लगाने पर उनकी सुनवाई करते है और जनमानस के विश्वास को कायम रखते है। बस्तर इस मानसून सत्र में सूखे के दौर से गुजर रहा है। बारिश के लिए आदिवासी समाज सैकड़ों वर्षो से बारिश के लिए भीमसेन भगवान की पूजा अर्चना करते आ रहे है। उदेला के पहाड़ों में करीब पांच फीट का पत्थर है, जिसे ग्रामीण भीमसेन भगवान स्वरूप पूजते हैं। इस पत्थर को पहले मटके में पानी लाकर नहलाया जाता है। कीचड़ का लेप भी किया जाता है। ये कार्य सिर्फ पुजारी, गायता करते हैं। बारिश के लिए इस अनूठी पूजा में आदिवासियों का समूह भीमसेन भगवान स्वरूप पत्थर को हिला कर दो घंटे तक मनाते है। भीमसेन के प्रति आस्था क्षेत्र के लोगों की सौ सालों से भी अधिक समय से है। क्षेत्र के लोग भीमसेन को मनाने पारंपरिक ढोल-बाजे के साथ पहुंचते हैं। दंतेवाड़ा जिले में पिछले बीस दिनों से बारिश थम गई है। बारिश के रुक जाने से अब किसान भी चिंतित हो गए हैं। इस साल जुलाई में ही बरसात हुई, उसके बाद अगस्त के महीने में बरसात न के बराबर हुई है। इससे खेतों में अब दरारें पड़ गई हैं। दस दिन बारिश नहीं हुई तो फसल बर्बाद हो जाएगी। बरसात हो इसके लिए जिले भर में किसान अब पूजा अनुष्ठान में लगे हुए हैं। कुछ दिन पूर्व दंतेश्वरी मंदिर में भी हवन-पूजन किया गया था। अब कुआकोंडा क्षेत्र के लोग बारिश के लिए अपने आराध्य भीमसेन भगवान को मनाने उदेला के पहाड़ पर पहुंचे हैं। कुआकोंडा क्षेत्र के 84 गांव के साथ-साथ दंतेवाड़ा, कटेकल्याण क्षेत्र के भी कई गांव के लोग भीमसेन को मनाने उदेला पहुंच चुके है। 70 से 80 किलोमीटर दूर बुरगुम, पोटाली, निलावाया, रेवाली, अरनपुर, समेली, पालनार सहित गोंगपाल मैलेवाड़ा जैसे 84 गांवों से लोग बलि देने के लिए मुर्गा, बकरा लेकर उदेला के पहाड़ों में पहुंचे। उदेला के पहाड़ों में करीब पांच फीट का पत्थर है, जिसे ग्रामीण भीमसेन भगवान स्वरूप पूजते हैं। इस पत्थर को पहले मटके में पानी लाकर नहलाया जाता है। कीचड़ का लेप भी किया जाता है। ये कार्य सिर्फ पुजारी, गायता करते हैं। घंटों तक देव विग्रह भीमसेन के सामने नृत्य करते है। फिर बलि दी जाती है। क्षेत्र के लोग भीमसेन को मनाने पारंपरिक ढ़ोल-बाजे के साथ पहुंचते हैं। सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ उदेला पहुंचने लगी है। यहां पहले पटेल के घर पर सारे लोग एकत्र होते हैं फिर जिस क्षेत्र में भीमसेन भगवान मौजूद हैं उस गांव के मांझी, पुजारी पहुंच कर पूजा अनुष्ठान की अनुमति देते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हमेशा मन में रखता है बोला नहीं

हमेशा मन में रखता है बोला नहीं जाता जिसे पाया ही ना हो उसे खोया नहीं जाता कुछ ऐसे हादसे है, जो क़रीब है दिल के कुछ खुशियों के दाग को धोया नहीं जाता ज़्यादा मुस्कुराने का सबब बस इतना सा है रोना चाहो भी अगर, तो रोया नहीं जाता..। **राज गंगावार**

क़दम क़दम पे सहारा दिया सँवारा

क़दम क़दम पे सहारा दिया सँवारा भी। उसी ने हमको हमेशा बहुत रुलाया भी।। बड़ा अजीब सा रिश्ता है दरमियाँ अपने। वो शख़्स अपना भी लगता है और पराया भी।। तमाम उम्र गुज़ारी है इस तरह हमने। उसी से रूठे रहे और उसे मनाया भी।। नसीब छीन भी लेता है दे के सब कुछ फिर। इसी ने हमको उठाया भी और गिराया भी। **कमलकांत डोंगरे**

खास पाती | तेरी महक मुझ में ही थी कहीं

तेरी महक मुझ में ही थी कहीं दर-बदर ढूंढती रही बेवजह मीठे पानी का झरना नजदीक था मैं प्यासी तरसती रही बेवजह समझ इतनी ही थी कि नासमझ हो गई जख्म चुपचाप से सीती रह गई खाकर ठोकरें ही मै पत्थर हुई वरना अश्कों से पिघलती रही बेवजह पता न चला वक्त बदलने लगा मैं ठहरी सी वहीं खड़ी रह गई झलक आई थी उम्र झुर्रियों में कहीं मै बालों की चांदी छिपाती रही बेवजह समंदर ना सही एक दरिया तो था देखने का तुझे कोई ज़रिया तो था लहरें आतीं गई लफ्ज़ मिटते गये रेत पर तेरा नाम लिखती रही बेवजह। **माया देवांगन**

जैसे प्यार किया नहीं जाता

जैसे प्यार किया नहीं जाता हो जाता है वैसे कविता लिखी नहीं जाती लिख जाती है और अगर प्यार हो जाए तो कविताएं भी हो जाती हैं कवि को प्यार हो न हो कविताओं को अपना प्यार मिल ही जाता है कवि झूठा प्रेमी हो सकता है प्रेमी झूठा कवि कभी नहीं हो सकता। **अनामिका चक्रवर्ती**

ऐसा नहीं कि दिल मेरा अब दिल

ऐसा नहीं कि दिल मेरा अब दिल नहीं रहा लेकिन यह किसी और के काबिल नहीं रहा मसरूफ थे कितने भी हम कारे -जहान में यह दिल तुम्हारी याद से ग़ाफ़िल नहीं रहा जाने कहाँ पे रख के खुद को भूल गया हूँ मैं खुद भी अपने आपको अब मिल नहीं रहा मुरझा गया है आतिशे फसले-बहार से गुँचा भरी बहार में भी खिल नहीं रहा आ जाये अगर ज़िद पे तो ठुकरा दे ताज़ भी कोई भी काम इश्क में मुश्किल नहीं रहा। **अनु मित्तल**

सुनो अचानक से जब-याद आते

सुनो अचानक से जब-याद आते हो, तब तुम सामने ही होते हो और जब कभी रुक कर, मुड़ कर देखती हूँ तुम्हें, तब भी तुम मुझे ही देख रहे होते हो,, सुनो कितनी गहराई तक जुड़े हैं हम-तुम बंद दरवाज़ों के आर-पार भी एक ही हैं हम कि लेज़र सी आँखें हमारी सिर्फ़ देखती हैं सदियों को चीरती इक दूजे को ही बस।

शुचि 'भवि'

पगला कहते यार हैं, ये जगत होशियार

पगला कहते यार हैं, ये जगत होशियार है, इसे कठिन है जानना कैसे कैसे लोग हैं, दिल को देते रोग हैं, सरल नही है साधना सुख-दुख तो बस छाँव है, धन के चलते पांव हैं, बहुत कठिन हैं माँगना भाषण दें अज्ञान के, पुतले गढ़ते ज्ञान के, भगवन इनको थामना चरण चूमते हैं सदा, घमंड से मन है भरा,तर्क झूठ का छापना। **रामकिशोर उपाध्याय**

कभी तन्हाई कहती थी अकेला है

कभी तन्हाई कहती थी अकेला है तो प्यार कर बहुत खुश थे मुहब्बत में तेरी हम दिल को हारकर मुहब्बत के नहीं लायक मुहब्बत क्या करेगा वो ज़रा सी आँधियों में रख दे जो रिश्ता उतारकर जो रस्ता इश्क़ का आसान समझा है तो भूल है यहाँ मंज़िल नहीं मिलती कभी खुद को भी मारकर मुहब्बत बेवफ़ा उसकी नहीं है जानते हैं हम मगर फिर किसलिए तोड़ा है दिल को तार-तार कर समुंदर आँसुओं का बस तेरे हिस्से में आया है खड़ा हो चल, उठा कश्ती, इसे अब खुद ही पार कर जहाँ उसका बसेरा है, वहीं से कर जुदा भी तू उसे गर भूलना चाहे तो खुद के दिल पे वार कर।

मित्र ग़ाज़ियाबादी

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1320 - गाजी मलिक दिल्ली का सुल्तान बना। 1331 - स्टीफन उरोस चतुर्थ ने खुद को सर्बिया का राजा घोषित किया। 1449 - टुमू किले का युद्ध- मंगोलिया ने चीन के सम्राट को बंधक बनाया। 1553 - इंग्लेंड में लिचफिल्ड शहर का निर्माण। 1563 - मैक्सीमिलियन को हंगरी का राजा चुना गया। 1689 - चीन और रूस ने नेरट्सजिंस्क(निरचुल) की संधि पर हस्ताक्षर किया। 1900 - टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती और ज्वारीय तूफान से 6000 लोगों की मौत। 1952 - जेनेवा में कॉपीराइट के लिये पहले विश्व सम्मेलन में भारत समेत 35 देशों ने किये हस्ताक्षर। 1962 - चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ किया। 1988 - जाने माने व्यवसायी विजयपत सिंघानिया अपने माइक्रो लाइट सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट से लंदन से अहमदाबाद पहुँचे। 1991 - मैसिडोनिया गणराज्य स्वतंत्र हुआ। 1997 - अमेरिकी ओपन टेनिस चैम्पियनशिप में पैट्रिक राफ़्टर को प्रथम ग्रैंड स्लैम ख़िताब मिला।

QUIZ TIME

1) आईपीएल के इतिहास में 7000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर कौन बने है?

2) रूस में कौन-सा खनिज अधिकतम मात्रा में पाई जाती है?

3) किस शासक ने सैनिकों को भू-अनुदान के स्थान पर नकद वेतन देने की प्रथा चलाई थी?

4) भूगोल के नामकरण एवं भूगोल विषय को प्राथमिक स्तर पर लाने का श्रेय किसे जाता है?

5) प्रसिद्ध इतिहासकार का नाम बताइए जिनका 28 अप्रैल, 2023 को निधन हो गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विराट कोहली (2) पोटेशियम (3) अलाउद्दीन खिलजी (4) इरेटॉस्थनीज (5) इरफान हबीब

आज का पंचांग (शुक्रवार 08 अगस्त)

सूर्योदय:06:12, सूर्यास्त: 06:38, चन्द्रोदय: 23:34, चन्द्रास्त:13:33, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय),ऋतु: ? शरद, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत) विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष कृष्ण, तिथि नवमी, नक्षत्र मृगशिरा, योग वज्र (22:02 से सिद्धि) प्रथम करण कौलव (16:14 तक), द्वितीय करण तैतिल (04:47 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य -सिंह, चंद्र -मिथुन (23:12 से), मंगल- कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध -सिंह (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु -मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र - कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि - कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मेष, केतु -तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:50 से 12:40, अमृत काल 07:04 से 08:44, विजय मुहूर्त 14:21 से 15:11, गोधूलि मुहूर्त 18:33 से 18:56, सायाह्न सन्ध्या 18:33 से 19:41, निशिता मुहूर्त 23:52 से 00:38, ब्रह्म मुहूर्त 04:26 से 05:11, प्रातः सन्ध्या 04:48 से 05:57,

राहुकाल 10:30 से 12:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 05:57 से 07:31, होमाहुति गुरु (10:25 से राहु), दिशाशूल दक्षिण, नक्षत्र शूल पश्चिम (10:25 तक), अग्निवास आकाश, चन्द्रवास दक्षिण (पश्चिम 23:13 से), शिववास गौरी के साथ (16:14 से सभा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन आपके लिये संतोषजनक रहेगा। आज आप जल्दी से किसी कार्य को करने के मूड में नही रहेंगे।

वृष-आज दिन भर आपके ऊपर चंचलता हावी रहेगी। परिजनों की किसी भी बात को गंभीर ना लेकर मजाक में उड़ा देंगे इससे घर का माहौल खराब होगा।

मिथुन-अभिमानी स्वभाव कुछ ना कुछ गड़बड़ ही कराएगा। अधिक बुद्धिमान समझना आपसी संबंधों में खटास लाएगा।

कर्क-आज दिन का अधिकांश भाग सोच विचार में ही व्यर्थ होगा। योजनाए तो कई लगी रहेंगी लेकिन आलस्य अधिक रहने से किसी भी योजना को साकार रूप नही दे सकेंगे।

सिंह-आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। दिन के आरंभ में थोड़ी सुस्ती रहेगी इसके बाद मस्ती के मूड में रहेंगे परिवार का वातावरण भी आज सहयोगी रहेगा।

कन्या-आज आपका मानसिक संतुलन बराबर नही रहेगा दो कामो को एक साथ करने के प्रयास में गलती होने की संभावना है।

तुला-आज के दिन प्रातः काल से ही स्वास्थ्य संबंधित समस्या लगी रहेगी खराब स्वास्थ्य के कारण जल्दी से किसी कार्य का मन नही बनेगा।

वृश्चिक-आपका स्वभाव अत्यंत आलसी रहेगा परन्तु फिर भी जिस भी कार्य को करेंगे उसमे सफलता अवश्य ही मिलेगी।

धनु-आज का दिन भी प्रसन्नता दायक रहेगा। घर मे धन धान्य की वृद्धि होगी।

मकर-आज आपका मतलबी व्यवहार किसी ना किसी से मतभेद बढ़ायेगा। दिन के आरंभ में कार्यो के प्रति लापरवाही दिखाएंगे।

कुंभ-आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक कलह मामूली बात से आरम्भ होकर गंभीर रूप ले सकती है।

मीन-आज के दिन आपका अधिकांश समय दुविधा में बीतेगा। कार्य क्षेत्र और गृहस्त में तालमेल बैठाने में असफल रहेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -179

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 178 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

खबरों के गलियारों से...कैलाश यादव

सच को स्वीकारने में लगे 20 साल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहली बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आई, इस दौरान राष्ट्रपति का छत्तीसगढ़िया अंदाज भी देखने को मिला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कहा जय जोहार, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। मुझे छत्तीसगढ़ की धरती पर आप सबसे मिलने का अवसर मिला। मेरी इच्छा आज पूरी हुई। एक कहावत है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, ऐसी कहावतों के माध्यम से सदियों से चल रहे सत्य को मात्र शब्दों में कह दिया जाता है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि इस सच को स्वीकारने में भाजपा को 20 साल लग गए । जबकि कांग्रेस ने इस सच को हाथों हाथ उठा लिया।

ये बाबा हैं पहचानते हैं दुखती रगों को

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत स्तर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं। यह नया नहीं, पुराना ही आइडिया है। आजादी के बाद चार आम चुनाव एक साथ ही हुए थे। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि ये बाबा है, सभी की दुखती रगों भी को पहचानते है।

ताकि 24 का रास्ता साफ हो जाए

केंद्र सरकार की ओर से 18 से 22 सितंबर तक विशेष सत्र बुलाने का ऐलान किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के बाद देशभर में एक देश एक चुनाव की चर्चा तेज हो गई। हालांकि सत्र के एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि सरकार महिला आरक्षण और एक देश एक चुनाव जैसे विधेयक ला सकती है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि ये इंडिया का डर है, जो भाजपा को वन नेशन, वन इलेक्शन तक खींच रही है, ताकि 24 का रास्ता साफ हो जाए।

बस्तर वाले खुद बनाते हैं झाड़ू

छत्तीसगढ़ चुनावी मुहाने पर खड़ा है। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और बीजेपी की चुनावी तैयारी तेजी से चल रही हैं, लेकिन इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी भी ज्यादा पीछे नहीं है। चुनावी साल में आप सुप्रीमो और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान चौथी बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। अब आम आदमी पार्टी का फोकस बस्तर संभाग पर है। यहां के जगदलपुर में आने वाले 16 सितंबर को आम आदमी पार्टी की बड़ी जनसभा होने वाली है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि यहां दीपक की रौशनी में झाड़ू नहीं चल पाएगी। क्योंकि बस्तर वाले ताड़ के पेड़ के पत्तों से खुद झाड़ू बनाते है।

मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है..

कांकेर के चौक चौराहा व दीवारों पर एक पोस्टर चिपकाए गए है। इसे लेकर शहर में चुनावी माहौल गरमा गया है। पोस्टर को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे शहर भर में चिपकाया गया है। पोस्टर में कांग्रेस के वर्तमान विधायक शिशुपाल शोरी का एक कार्टून बनाया गया है और केबीसी के तर्ज में चार आप्शन दिए गए हैं, जहां अमिताभ बच्चन का फोटो शिशुपाल शोरी के कार्टून से सवाल पूछते नजर आ रहे हैं। कांकेर की जनता आखिर विधायक से इतना क्यों परेशान है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि है कि शिशुपाल शोरी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कि जो नाम वाला वही तो बदनाम है, मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है।

सिंहदेव के सिंहनांद से कांपे विरोधी

विधानसभा चुनाव से छह महीना पहले टीएस सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाने के बाद कांग्रेस के रणनीतिकारों को लगा था कि अब सरगुजा की बाजी सेट हो जाएगी, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। टीएस सिंहदेव तो लगभग-लगभग सेट हो गए हैं, लेकिन सरगुजा अपसेट हो गया है। सिंहदेव का सरगुजा में दौरा चल रहा है और उनके विरोधियों की धड़कन तेज हो गई है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि सिंहदेव ने तेवर दिखाते हुए आलोचकों को स्पष्ट चेतावनी दे दी है कि सार्वजनिक मंच से राजमहल की आलोचना करने वालों को क्षमा नहीं किया जा जाएगा। सिंहदेव के निशाने पर विधायक बृहस्पत सिंह और चिंतामणि महाराज हैं।

440 का लग सकता है झटका

भाजपा ने पहली सूची में 21 प्रत्याशियों की घोषणा की है, जिसमें सरगुजा की तीन विधानसभा सीट है। कांग्रेस ने भी सरगुजा पर फोकस करते हुए चुनाव से छह महीना पहले मंत्री टीएस सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से सिंहदेव को कांग्रेस के केंद्रीय संगठन ने फ्री हैंड दिया था। एक-एक सीट पर सिंहदेव की सहमति के बाद उम्मीदवार घोषित किए गए थे। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि अब सिंहदेव को फ्री हैंड दिया गया तो नासूर की सबसे पहले सर्जरी करेंगे। क्योंकि करंट के साथ स्वास्थ्य विभाग अभी उनके पास ही है। 440 झटका तो लग सकता है।

संक्रमण काल में भाजपा के फाइव स्टार

पिछले चुनाव में भाजपा के तीन नेता बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर और शिवरतन शर्मा अपनी सीट बचाने में सफल रहे। वहीं, धमतरी से कम अंतर से रंजना साहू और बिंद्रानवागढ़ से डमरुधर पुजारी को जीत मिली थी। भाजपा ने जीती सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया हैं। जीती पांच में से तीन सीट पर विधायकों को चुनौती देने वाले नेता तो हैं, लेकिन ये चुनावी रण जीत पाएंगे, इस पर संदेह है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि भाजपा जीतने वाले को ही टिकट देगी, इसलिए कांग्रेस की सूची का इंतजार है उसके बाद पत्ता खोला जाएगा।

नेता...मंत्री नहीं बन पाए

कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद से युवाओं को राहुल का इंतजार है। प्रदेश के युवाओं में उत्साह का माहौल है। देश के भविष्य को प्रधानमंत्री ने अधंकार में डाल दिया है। युवाओं को समझ आ गया है कि भाजपा के साथ उनका भविष्य नहीं है। दूसरी ओर पीएम मोदी इवेंट के भरोसे हैं। युवाओं के साथ प्रधानमंत्री ने छल किया है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि युवाओं को साथ तो हर बार छल होता है,जरा पीछे मुड़कर देखिए, आज जो 60 साल के ऊपर हो गए, जब युवा थे, तब भी उन्हें छला गया। वो आज भी झंडा उठा रहे हैं कार्यकर्ता बनकर। नेता-मंत्री नहीं बन पाए।

अपनी प्रतिक्रिया navpradesh@gmail पर भेजें...

पीएससी में बेटियों का दबदबा, सारिका टॉपर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2022 का परिणाम बुधवार देर रात जारी कर दिया। टॉपर रायगढ़ की सारिका मित्तल रही। मेरिट में एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी है। डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी दोनों लिस्ट में बेटियों ने टॉप किया। डिप्टी कलेक्टर की टॉप-10 लिस्ट में 6 बेटियां हैं। सीजीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा 2022 के लिए अधिसूचना 210 पदों के लिए 26 नवंबर 2022 को जारी की थी। प्रारंभिक परीक्षा के बाद 3095 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए पात्र पाए गए।

15 से 18 जून तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया और 625 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू के लिए चयन किया गया। 24 अगस्त से 6 नवम्बर तक 2023 तक 621 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया गया। लिखित और इंटरव्यू के नंबर जोड़कर अंतिम सूची जारी की गई हैं।

कलेक्टर का भाई बना डिप्टी कलेक्टर

बुधवार रात जारी सीजी पीएससी रिजल्ट में मुंगेली जिले के कलेक्टर राहुल देव और बेमेतरा एसपी भावना गुप्ता के देवर शुभम देव का भी चयन हुआ है। उन्होंने दूसरी रैंक हासिल की है। 15 अगस्त 1994 को जन्मे शुभम देव की आरंभिक शिक्षा अंबिकापुर के होलिक्रॉस स्कूल से दसवीं व बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। फिर आईआईटी कानपुर से सिविल ब्रांच में बीटेक की डिग्री 2017 में लिया। आईआईटी के बाद किसी अन्य नौकरी के बारे में शुभम ने नहीं सोचा। बल्कि अपने भाई भाभी को प्रेरणा बना सिविल सर्विस में ही कैरियर बनाने की ठानी और दिल्ली में यूपीएसी की तैयारी करने चले गए। यूपीएससी के लिए दिल्ली में कोचिंग कर शुभम देव यूपीएससी क्रैक करने के लिए जूझते रहे और साक्षात्कार तक पहुंचे।

कलेक्टर का बेटा बना डीसी

छत्तीसगढ़ पीएससी 2023 में कलेक्टर पीएस एल्मा के बेटे लोकांश का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए हुआ है। लोकांश का टॉपर्स में 11वां स्थान है, लेकिन एसटी वर्ग में पहला स्थान है। आईएएस एल्मा वर्तमान में बेमेतरा जिले के कलेक्टर हैं। वहीं, उनकी पत्नी नीलम एल्मा खाद्य विभाग की उप सचिव हैं। लोकांश ने दसवीं कक्षा के बाद से ही सिविल सर्विसेस की तैयारी शुरू कर दी थी। डीपीएस जमनीपाली कोरबा, डीपीएस बिलासपुर और डीपीएस भिलाई से लोकांश ने पढ़ाई की। मैथ्स से बारहवीं की परीक्षा दी। इसके बाद हिदायतुल्लाह विधि विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की। लोकांश ने इसी साल लॉ में ऑनर्स की डिग्री ली है। छत्तीसगढ़ पीएससी के अलावा यूपीएससी और सिविल जज की भी परीक्षा दी है।

टॉप-10 सूची में 6 बेटियां शामिल

1. सारिका मित्तल
2. शुभम देव
3. श्रेयांस पटेरिया
4. शिक्षा शर्मा
5. शुभांगी गुप्ता
6. पूजा पिंचा
7. मधु गवेल
8. संजय कुमार धीवर
9. देवाशीष कुर्रे
10. भावना साहू

डीएसपी टॉप-5 लिस्ट

1. सुमन जायसवाल
2. आकाश चौधरी
3. सुमित चंदा
4. आस्था शर्मा
5. धनेश्वर प्रसाद साहू

गायों की मौत पर माफी मांगे कांग्रेस : सरोज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद सरोज पांडे ने गुरूवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से 9 सवाल किए हैं।

सरोज पांडेय का कहना है कि कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे जी छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं, इसलिए उन्हें भाजपा के कुछ सवालों के जवाब को देना चाहिए। सरोज पांडे ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, भारत टूटा कब था, भारत शब्द का उपयोग किया गया तो भारत शब्द से क्या दिक्कत है? सरोज पांडे ने कहा, राहुल गांधी के सम्मेलन में जो भोजन परोसा गया था उसके खाने से 50 गायों की मौत हो गई। कांग्रेस जन्माष्टमी के दिन क्या इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगेगी। स्टालिन इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं, जिन्होंने सनातन धर्म का अपमान किया। प्रियंक खड़गे ने भी स्टालिन का स्टैंड लिया था, क्या उस पर एक्शन लेंगे। उन्होंने कहा, जब सीएम चिट्ठी लिखते हैं तो जिन विषयों पर चिट्ठी लिखना चाहिए उस पर नहीं लिखते। राजस्थान में महिलाओं के साथ बर्बरता होती है, क्या उसके लिए सीएम राजस्थान के सीएम को चिट्ठी लिखेंगे। रक्षाबंधन पर गैंगरेप, जशपुर में गैंगरेप पर सीएम चुप रहते हैं। क्या इसके लिए माफी मांगा जाएगा। सरोज पांडे ने कहा, छग में हो रहे भरष्टाचार के मुद्दे पर सीएम क्यों चुप हैंद्ध गंगाजल लेकर सरकार ने कसम खाई थी। शराबबंदी का वादा किया था। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हुई, इस पर खड़गे जी का क्या स्टैंड हैं।

मोदी से सवाल पूछने का साहस दिखाएं सरोज पांडेय : सुशील

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे को कांग्रेस अध्यक्ष से सवाल पूछने के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछना चाहिये कि वो इंडिया से इतना डर क्यों रहे है? देश के नाम इंडिया से मोदी को अचानक इतनी नफरत क्यों हो गयी है? देश की जनता वर्षो से भारत, इंडिया और हिंदुस्तान के नागरिक के रूप में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करती रही है, फिर भाजपा देश के नाम में ही यह भेद क्यों कर रही है? भाजपा हमेशा फूट डालो में ही क्यों भरोसा करती है? धर्म से धर्म के बीच, वैमनष्यता फैलाते-फैलाते अब देश के नाम पर नफरत फैलाने की साजिश क्यों? देश में ही इतनी घृणा क्यों फैला रही है भाजपा? उन्हें राजस्थान में महिला के साथ अत्याचार पर सवाल तो खड़ा कर रही है लेकिन उन्हें मणिपुर में निर्वस्त्र घुमाई जा रही महिलाओं की पीड़ा नजर नहीं आती है? राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है क्या उनका यह दायित्व नहीं बनता की वह महीनों से जल रहे मणिपुर की महिलाओं की आवाज उठायें। सरोज पांडे अपनी राजनीति चमकाने के लिये छत्तीसगढ़ को बदनाम करना बंद करें। छत्तीसगढ़ में महिलायें पूर्ववर्ती रमन राज और वर्तमान में किसी भी भाजपा शासित राज्य की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों में 68 प्रतिशत की कमी आई है। मणिपुर की घटना के लिये देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री महिलाओं से माफी क्यों नहीं मांग रहे है।

साक्षरता दिवस पर सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8 सितम्बर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि अक्षर ज्ञान वह पहला द्वार है, जहां से ज्ञान के अनंत रास्ते खुलते हैं। साक्षरता से शिक्षा और शिक्षा से विकास का सीधा संबंध है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस अक्षरों की अलख जगाने का दिन है, अक्षर ज्ञान की महत्ता बताने का दिन है। यह अक्षर ज्ञान के प्रकाश से समाज में सुख और समृद्धि फैलाने के संकल्प लेने का दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि साक्षरता के लिए व्यक्तिगत रूचि और सामूहिक प्रयासों की बड़ी आवश्यकता है। व्यापक जनभागीदारी से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

अपराधियों की खैर नहीं : पुलिस चला रही विशेष अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजधानी पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ तेज करते हुए कानून-व्यवस्था को सख्त कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अफसरों के निर्देश पर थानों की टीम के अलावा पुलिस के अलग-अलग स्कवाड भी कार्रवाई कर रहे हैं।

इसी क्रम में भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान/सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार/बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने, शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने, सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। इसके साथ ही टोल नाको में पांईट लगाकर चारपहिया/दोपहिया/यात्री वाहनों एवं उनके सामानों सहित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में भी संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की चेकिंग की जा रहीं है। समस्त नगर पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने अनुभाग व थाना क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग किया जा रहा।

बिजली कर्मियों को जागरूक करने दो लघु फिल्मों का एमडी ने किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने मैदानी विद्युत कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से दो लघु फिल्मों का विमोचन किया है। सेवा भवन में अपने कार्यालय कक्ष में एक सादे समारोह में उन्होंने दोनों ही फिल्मों का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने उम्मीद जताई कि फिल्म मैदानी अमले को कार्य के दौरान बाखबर रहकर काम के लिए प्रेरित करेगी। उन्हें हमेशा इस बात का ध्यान रहे कि उनके घर पर उनका कोई अपना इंतजार कर रहा है। श्री खरे ने कहा कि कार्य के दौरान छोटी-छोटी सावधानियाँ कई बड़ी दुर्घटनाओं से बचाती है। विमोचन अवसर पर कार्यपालक निदेशक भीम सिंह कंवर, आरए पाठक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसआरबी खंडेलवाल, केएस भारती, एमडी बड़गैय्या प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ईडी कंवर ने बताया कि थैंक्यू पापा शीर्षक से बने लघु फिल्मों को मैदानी कर्मचारियों विशेषकर लाइन स्टॉफ को दिखाया जा रहा है। इसके माध्यम से उन्हें सुरक्षा उपायों को लेकर अधिक संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा लाइन पर कार्य करने के दौरान छोटी-छोटी सावधानियों के प्रति सजग रहकर हम अपनी और अपने परिवार और पॉवर कंपनी के हितों की रक्षा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म को पॉवर कंपनी की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जा रहा है।

बीसी सखियों और बैंकर्स का आज सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत डिजिटल फाइनेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीसी सखियों को सम्मानित किया जाएगा।

राज्य के ग्रामीण इलाकों में वित्तीय सेवाएं प्रदान करने, सर्वाधिक आय अर्जित करने एवं वित्तीय लेन-देन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 बीसी सखियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वसहायता समूहों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने बैंकों द्वारा शुरू की गई दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में स्वसहायता समूह अपने गांव में ही रहकर बीसी सखी के केंद्र से अपने समूह के खाते का संचालन कर सकते हैं जिससे समूह की महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलता है। डिजिटल फाइनेंस के लिए तकनीकी सहायता एजेंसी सीएससी ई-गर्वनेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित डिजिटल मड़ई में चयनित बीसी सखियों और बैंकर्स को सम्मानित किया जाएगा। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में 8 सितम्बर को सवेरे 11 बजे से इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

'केजरीवाल की गारंटी' एप लॉन्च, टोल फ्री नंबर किया जारी

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी की रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को केजरीवाल की गारंटी को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से मिस्ड कॉल नंबर और एप की लॉन्चिंग की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी और सहप्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रदेश सहप्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया ने कहा कि प्रदेश की जनता 'आप' की विकसित छत्तीसगढ़ की अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। 08 सितंबर से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में घर-घर जाकर छत्तीसगढ़ की जनता को गारंटी कार्ड से जोड़ेंगे।

जनता इस 8462-815-032 मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करेंगे। जिसके बाद उन्हें एक ओटीपी नंबर प्राप्त होगा। जिसे हमारे कार्यकर्ता एप पर डालेंगे। साथ ही इसमें शख्स का नाम, जिले का नाम और विधानसभा का नाम मेंशन करने के लिए एक विंडो ओपन होगा। इसे भरकर लोग अरविंद केजरीवाल द्वारा दी गई सभी गारंटी के लिए खुद को रजिस्टर कर सकते हैं। कोमल हुपेंडी ने फोन नंबर और एप के माध्यम से 'आप' की गारंटी के लिए खुद को रजिस्टर करने के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि आप 8462-815-032 पर मिस्ड कॉल करके हमारे लिंक के माध्यम से एप को गूगल, प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से इंस्टॉल कर मिस्ड कॉल से प्राप्त ओटीपी और नाम-पता मेंशन कर हमारे गारंटी कार्ड के अभियान से जुड़ सकते हैं। 8 सितंबर से प्रदेशभर में गारंटी सभा भी शुरू कर रहे हैं। जिसके जरिए हम भीड़भाड़ वाले इलाके में छोटी-छोटी सभा करेंगे और लोगों को इस अभियान से जोड़ेंगे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़िया खेल और संस्कृति जीवंत : महंत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा के शासकीय हाई स्कूल मैदान में 04 सितम्बर से 06 सितम्बर तक आयोजित 03 दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का समापन हुआ।

इस तीन दिवसीय आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक ने अपने बेहतरीन खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विजेताओं एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ ओलंपिक का आज समापन है। छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान, संस्कृति और परम्परा है इस संस्कृति परंपराओं को लोग भूलते जा रहे हैं इसमें हमारा छत्तीसगढ़िया खेल भी है जिसे हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पुनर्जिवित किया है। खिलाड़ियों ने ग्रामीण एवं परम्परागत खेलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से छत्तीसगढ़िया खेल एवं संस्कृति को जीवंत किया हैं। आने वाले समय मे इसका बहुत अच्छा परिणाम निकलेगा। खेल में भाग लेना जरूरी है। इसमें शामिल होकर भाईचारे और एकता का विकास करना आवश्यक है।

छत्तीसगढ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास ने विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के समापन समारोह में खेल का आयोजन किया गया है। इसमें सभी खेल का प्रदर्शन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्बरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे मुख्यमंत्री द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल सभी खिलाड़ियों को उत्साहर्वधन कर सभी को शुभकामनाएं दी। इस समापन कार्यक्रम में कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला भगवान दास गढ़ेवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चांपा जय थवाईत, सदस्य खाद्य आयोग ज्योति किशन कश्यप, सदस्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड ाराायण खण्डेलिया, सदस्य श्रम कल्याण बोर्ड हरप्रसाद साहू, जिला पंचायत सभापति कुसुम कमल साव, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, कृषि उपज मंडी नैला अध्यक्ष ब्यासनारायण कश्यप, राघवेन्द्र कुमार सिंह, गुलजार सिंह, देवेश सिंह, विवेक सिसोदिया, डॉ परस शर्मा, रफीक सिद्दिकी, अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, जिला पंचायत सीईओ ज्योति पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनील सोनी, एसडीएम जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह, खेल अधिकारी प्रमोद सिंह बैस सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नारद देवांगन कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस में शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद रहे नारद देवांगन ने नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी के नेतृत्व में अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर सिंह बैस के समक्ष विधिवत कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजना और कार्यो तथा पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से भीमबली सोनकर, प्रदीप कुंभकार, भोला निषाद, लाला कुंभकार, जितेंद्र साहू सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल है। इस दौरान राकेश पात्रे, चंद्रभान बारमते, दिलीप बंजारा, रूपलाल कोसरे, आत्मा सिंह, संजीत बनर्जी, दुर्गा बघेल, रामचंद्र साहू एजाज खोखर सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कोरबा शशिकांत कुर्रे और तहसीलदार दर्री राजेन्द्र भारत के नेतृत्व में सर्वमंगला, कुसमुंडा, इमलीछापर मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरूस्ती हेतु कार्यवाही की गई। जिसमें इन मार्गो में नो पार्किंग एरिया व बीच सड़क में बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 71 वाहनों पर 76 हजार 700 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया।

आईटीआई पोड़ी-उपरोड़ा में आवेदन आमंत्रित

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीन जिले में संचालित विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं 2023-25 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 06 सितंबर से 10 सितंबर 2023 तक विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पोड़ी-उपरोड़ा ने बताया कि संस्था अंतर्गत संचालित व्यवसाय कोपा, हेल्थकेयर एवं एग्रीकल्चर में सीटें रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर आवेदन करने के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास होना अनिवार्य है। साथ ही अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट तथा आईटीआई पोड़ी-उपरोड़ा से संपर्क कर सकते हैं।

मतगणना स्थल का कराया जाएगा अवलोकन

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 20 रामपुर, विधानसभा क्रमांक-21 कोरबा, विधानसभा क्रमांक-22 कटघोरा एवं विधानसभा क्रमांक-23 पाली-तानाखार के लिए ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखे जाने हेतु स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण केन्द्र, मतगणना स्थल के रूप में आई.टी. कॉलेज कोरबा के ब्लॉक सी एवं डी को चिन्हांकित किया गया है। विधान सभा निर्वाचन 2023 हेतु चिन्हांकित उक्त भवन का अवलोकन/परीक्षण मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सक्षम अधिकारी के उपस्थिति में 8 सितम्बर 2023 को प्रातः 11 बजे कराया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्धारित तिथि एवं समय पर आईटी कॉलेज झगरहा में उपस्थित होने का अपील किया है।

प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 को

कोरबा/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 11 सितंबर 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में ट्राई इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कुसमुण्डा कोरबा द्वारा ब्लॉक मैनेजर के 05 पद, सुपरवाइजर के 25 पद तथा एडवाईजर के 20 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदकों की आयु सीमा 20 से 40 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 11 सितंबर को प्रातः 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

अब तक 763.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में 01 जून से अब तक 763.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षो की तुलना में 05 सितंबर तक औसत वर्षा 964.9 मिमी हुई है। बीते 24 घंटों में 12.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है । भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 766.6 मिमी, भैंसमा में 828.6 मिमी, करतला में 821.2 मिमी, कटघोरा में 844.2 मिमी, दर्री में 859.4 मिमी, पाली में 686.8 मिमी, हरदीबाजार में 618.6 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 754.8 मिमी एवं पसान में 688.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा दर्री तहसील में दर्ज की गई है।

अस्थायी लाईसेंस आवेदन 18 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। अस्थायी फटाका लाईसेंस हेतु आनलाइन आवेदन 18 सितम्बर तक किया जा सकता है। अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले ने बताया कि लोक सेवा केन्द्र या च्वाईस सेंटर के माध्यम से नियमानुसार चालान जमा कर आनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित

मुंगेली/नवप्रदेश। विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम नवागांव टे. और बरेला वार्ड क्रमांक 01 से 06 तथा 18 से 20 में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन स्वामित्व रिक्त होने पर दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि शाख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से विज्ञापन प्रकाशित तिथि से 10 दिवस के भीतर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्था-समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं।

भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही माता यशोदा-श्रीकृष्ण की झांकी

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ धूम-धाम से मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालु भक्तजनों ने दिनभर पूजा अर्चना की।मंदिरों सहित घर-घर में भगवान का जन्मोत्सव उल्लास पूर्ण मनाया गया। दिन में लोगों ने व्रत रखकर रात को बालकृष्ण की पूजा की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजार में पिछले दो दिनों से रौनक बनी रही।

जन्माष्टमी के दूसरे दिन ग्वाल बालों के टीम दही हण्डी तोड़ेंगे। जन्माष्टमी का पर्व दो दिन होने की वजह से कुछ लोगों ने 6 सितम्बर को जन्माष्टमी उत्सव मनाया। मंदिरों एवं कई लोगों के द्वारा 7 सितम्बर को जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी पर आज आधी रात को श्रीकृष्ण का जन्म होगा। राधा-कृष्ण मंदिर में गुरूवार की रात धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा। जन्मोत्सव के पहले रात्रि को कृष्ण भजन शुरू होंगे, जो देर रात तक चलेंगे। आधी रात को कृष्ण जन्म होगा, तब पटाखों से जोरदार आतिशबाजी की जाएगी। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जन्माष्टमी उत्साह भक्तिमय वातावरण के साथ मनाया गया। मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा कर झूला उत्सव पिछले एक माह से मनाया गया। झूले में विराजित भगवान श्री कृष्ण एवं माता यशोदा की आकर्षक झांकी बनाई गई थी। राधाकृष्ण मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ देखी गई। मंदिर में आकर्षक सजावट की गई। राधाकृष्ण की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। राधा कृष्ण मंदिर, शनि मंदिर में कृष्ण सजाओं प्रतियोगिता एवं रात्रि तक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। राम मंदिर, शनि मंदिर में भी भजन कीर्तन किया जाता रहा। रात्रि 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव की झांकी का दर्शन श्रद्धालु भक्तजनों ने किया। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्तों ने व्रत रखकर घर-घर में भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप की पूजा अर्चना की जाती रही। मंदिरों में देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजार में रौनक रही। जन्माष्टमी के दूसरे दिन दही लूट कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ग्वाल बालो की टोली ने नगर भ्रमण कर मटकी तोड़ेंगे।

कलेक्टर ने लिया मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आईटी कॉलेज में निर्वाचन 2023 हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने यहाँ स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण सहित निर्वाचन के दौरान किये जाने वाले आवश्यक व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम की खिड़कियों को पैक करने, बेरिकेडिंग, सीसीटीवी, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था के संबंध में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन, काउंटिंग रूम, डिस्पैच सेक्शन के संबंध में भी निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, लोक निर्माण विभाग के ईई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता की बार में दबिश 46 पेटी शराब जब्त

कोरिया/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग के अधिकारी के फटकार व सख्त चेतावनी के बाद जिले में कोरिया पुलिस एवं आबकारी की कार्यवाही में कसावट लाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दिया जा रहा है जिसके परिपालन में जिला कोरिया पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम के द्वारा जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में स्थित गंगा श्री होटल परिसर के बगल में स्तिथ आर क्लब बार में कोरिया पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम की उपस्थिति में जांच कर कार्यवाही की गई। जहां अन्य राज्य मप्र से अंग्रेजी शराब आठ लीटर एवं लाइसेंस की मात्रा से अधिक अंग्रेजी शराब मेक्डावल 40 पेटी एवं आईबी 06 पेटी कुल कीमत लगभग 452,000 रू की अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखे हुये पाये जाने पर आर क्लब बार संचालक राकेश श्रीवास्तव के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। मिली जानकारी अनुसार मनेन्द्रगढ़ व कोरिया जिला में मध्यप्रदेश से शराब लाकर खपाये जाने की सूचना मुखबीर से मिली थी जहा एमसीबी जिले के खड़गवां थाने में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब पुलिस के द्वारा पकड़ा गया वही इसके तार कोरिया जिले से जुड़े होने के संकेत पुलिस व आबकारी विभाग को मुखबीर से मिली जिस आधार पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के होटल गंगाश्री के परिषर में स्तिथ आर क्लब बार पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने रेड मारा है ।

बोर खनन का पटेल ने किया शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सुरदा में टेकराम पटेल घर के पास बोर खनन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद सदस्य, उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट जिला साहू संघ निरंजन साहू, सरपंच प्रतिनिधि दानू पटेल, नरेंद्र पटेल, रोहित पटेल, गेंदा पटेल, द्वारिका पटेल, विनोद पटेल, ओमकार पटेल, देवकुमार साहू, टेकराम पटेल, नेतराम पटेल, ग्रामवासी उपस्थित हुए।

आम आदमी पार्टी की बदलाव पदयात्रा आज

बिलाईगढ/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी और पंजाब सरकार के विधायक हरदीप सिंह मुंडिया के नेतृत्व में 8 सितंबर को शाम 4:00 बजे आम आदमी पार्टी विधानसभा बिलाईगढ़ द्वारा बदलाव पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, यह कार्यक्रम बस स्टैंड से तहसील कार्यालय बिलाईगढ़ तक होगा उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी के ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष डॉ पुकराम कुर्रे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया।

नवीन किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

मुंगेली/नवप्रदेश। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफवर्ष 2023 हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। कृषि विभाग के उपसंचालक डीके ब्यौहार ने बताया कि नवीन पंजीयन एवं संशोधन हेतु आवश्यक दस्तावेज सहकारी समिति में जमा करना होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफफसलों के पंजीकृत उत्पादक किसानों को 9 हजार रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि 4 किश्तों में दी जाती है। साथ ही धान के बदले कोदो कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुगंधित धान, केला, पपीता आदि की फसल लगाने या फिर वृक्षारोपण करने पर किसानों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उक्त योजना अंतर्गत लाभार्थी कृषकों को नवीन पंजीयन हेतु समिति से समस्त वारिसान एवं आधार कार्ड आदि जानकारी के लिये समिति में पंजीयन एवं संशोधन करा सकते है। यह पंजीयन 31 अक्टूबर तक किया जाएगा।

बच्चों की शिक्षा महत्वपूर्ण,अच्छे से करवाएं पढ़ाई : कलेक्टर

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज रायगढ़ के किरोड़ीमल नगर पंचायत के दौरे पर रहें। यहां उन्होंने स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल एवं मतदान केंद्र के साथ ग्राम डोंगीतराई के रीपा गोठान का भी निरीक्षण किए। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल किरोड़ीमल नगर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा, लैब, लाईब्रेरी का अवलोकन किया। कलेक्टर सिन्हा ने प्राचार्य को स्कूल के साफ-सफाई के साथ स्कूल के संसाधनों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शासन स्कूलों को बेहतर करने के साथ संसाधन मुहैया करवा रही हैं, लेकिन बच्चों की पढ़ाई महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल आने एवं बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य से बच्चों की संख्या एवं स्कूल शिक्षकों की जानकारी लेते हुए, प्राचार्य को उनके विषय की कक्षा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल के रंग-रोगन एवं शेष अपूर्ण कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिन्हा रीपा गोठान डोंगीतराई के निरीक्षण में भी पहुंचे। उन्होंने लोहार, बढ़ाई, मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट, मशरूम जैसे विभिन्न संचालित गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से चर्चा की। लोहार एवं बढ़ाई कार्य करने वाले हितग्राहियों से चर्चा के दौरान हितग्राहियों ने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि विगत एक माह से वे यहां कार्य कर रहे हैं और वर्तमान में स्थानीय स्तर पर बेहतर कार्य मिल रहा हैं। इसी प्रकार मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट में पैकेजिंग करने वाली लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की बसंती सिदार एवं लक्ष्मी सिदार ने बताया की पैकेजिंग से अच्छी आय अर्जित हो रही हैं तथा अन्य महिलाएं आटा यूनिट का भी संचालन कर रही हैं। इसी प्रकार मशरूम उत्पादन करने वाले हितग्राही श्री हेमलाल पटेल ने कलेक्टर श्री सिन्हा को बताया कि विगत दो बार मशरूम के उत्पादन से उन्होंने लगभग 15 हजार तक की आय अर्जित की हैं। वर्तमान में मशरूम की अच्छी मांग हैं एवं मशरूम के खरीददार गोठान से खरीद के ले जाते हैं। कलेक्टर सिन्हा किरोड़ीमल मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिए। सीईओ जनपद रायगढ़ साहू ने बताया की स्कूल में चार मतदान केंद्र संचालित किए जाते हैं। कलेक्टर सिन्हा ने मतदान केंद्र के गेट लगाने का कार्य अति शीघ्र करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए। मौके पर उन्होंने बीएलओ से फॉर्म 6 एवं 7 के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को विलोपन से पूर्व फील्ड वेरिफिक्रेशन की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

शिक्षिका शोभा को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जरहाभाठा संकुल केंद्र कुदुदंड में कार्यरत शिक्षिका शोभा सक्सेना 37 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र उच्च वर्ग शिक्षिका के पद पर कार्य करने के बाद 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गई। इस अवसर पर शाला प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मिडिल स्कूल जरहाभाठा की प्रधानपाठिका निर्मला भास्कर, संकुल प्रभारी डॉ. रीता तिवारी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं। इस कार्यक्रम में वर्षा पाल, ममता पटेल, प्रमिला कश्यप, ज्योति दुबे, शत्रुहन कश्यप, एलिसा बी. जोशी, योगेश्वरी यादव, विकास कुमार साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

लायंस क्लब गोल्ड ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब गोल्ड लगातार सेवा कार्य कर रहा है। इसी क ी में क्लब के पदाधिकारियों ने सिरगिट् टी में स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें लोगों के आंखों की जांच की गई। इसके अलावा शुगर, सिकलिंग टेस्ट भी हुआ। स्त्री रोग विशेषज्ञ महिलाओं की चांच कर उन्हें परामर्श दीं। वहीं जरूरत के हिसाब से सभी को दवाइयां दी गई। इस अवसर पर लता गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं।

10 दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। विपश्यना केंद्र भरारी में 10 दिवसीय निशुल्क ध्यान शिविर को शुरू हो गया है। शिविर का संचालन रायपुर के सहायक आचार्य कविन्द्र झा कर रहे हैं। इसके अलावा केंद्र में शिविर 2 से 13 अक्टूबर, 1 से 12 दिसंबर और 15 से 26 दिसंबर तक चलेगा। यहां प्रशिक्षण के तीन सोपान होते हैं। इसमें साधकों को पांच शील का पालन करने के लिए कहा जाता है। अर्थात जीव हिंसा, चोरी, झूठ बोलना, अब्रम्हचर्य व नशे से दूर रहना कहा जाता है। इसके अलावा पहले सा तीन दिनों तक अपने सांस पर ध्यान केंद्रित करना सिखाया जाएगा।

सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उरतुम के हरदीडीह में विधायक मद से 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन तैयार किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को विधायक रजनीश सिंह ने भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण होने से हर किसी के सुख-दुख के कार्यों में काम आएगा। विधायक ने कहा कि गांव का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जु विकास कार्य स्वीकृत कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, रामनिवास शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि रतिराम केवर्त, भूपेंद्र गौरहा, लगन पटेल, डॉ. छत्रवानी सहित अन्य मौजूद रहे।

शिक्षक दिवस पर समारोह आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता हिंदी के व्याख्याता अनिल वर्मा ने कहा कि सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के ध्वज वाहक थे। उन्होंने अल्पायु में ही सभी धार्मिक ग्रंथों सहित सर्वश्रेष्ठ विद्वानों का अध्ययन कर लिया था। प्राचार्य सुनीता शुक्ला ने कहा कि शिक्षकों के प्रति सम्मान का भाव सदैव रखें। अदिति दुबे ने कहा कि वे खूब परिश्रम करें यही सफलता की कुंजी है। छात्रा नीलम भास्कर, मानसी, खुशी साहू ने भाषण दिया। इस दौरान व्याख्याता चंदन सारखेल, अभिलाषा मिश्रा शामिल रहीं।

मोक्ष के लिए भागवत कथा श्रेष्ठ मार्ग

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोक्ष की कामना प्रत्येक मनुष्य करता है, लेकिन सभी को सही राह नहीं मिलती है। भागवत महापुराण कथा एक ऐसा मार्ग है जो प्रत्येक को मोक्ष की ओर ले जाती है। राजा परीक्षित को मिले श्राप से हुई मृत्यु के बाद भी कथा सुनने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसलिए कलयुग में मोक्ष की कामना करते है तो श्रीमद् भागवत महापुराण कथा से श्रेष्ठ मार्ग कोई नहीं है। यह बातें मंगलवार को में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में कथावाचक आचार्य पंडित रामदत्त तिवारी ने श्रद्धालुओं से कहीं। में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन बुधवार को होगा। आचार्य तिवारी ने कहा कि इस कलयुग मे भी मनुष्य भगवान के नाम स्मरण मात्र से भगवत शरणागति की प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बना सकते है। इसके बाद भागवत महापुराण की आरती भक्तों ने भक्तिभाव से ओत-प्रोत होकर की। इसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण भंडारे के माध्यम से किया गया।

युवा मोर्चा ने उदयनिधि का जलाया पुतला

बिलासपुर/नवप्रदेश। सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि के विवादित बयान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुराना बस स्टैंड डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक में उदयनिधी और कांग्रेस का पूतला फूंका। युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी निशाने पर लिया है। इनका आरोप है कि कांग्रेस हमेशा से सनातन विरोधी मानसिकता वाली पार्टी रही है और यही कारण है कि अपने घटक दल स्टालिन के बेटे उदयनिधि के बयान पर चुप्पी साध रखी है। युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी के नेतृत्व में जिले भर के युवामोर्चा के कार्यकर्ता एकत्रित होकर अपनी विरोध दर्ज कराते हुए उदयनिधि और कांग्रेस पुतला दहन किया। इस अवसर पर दीपक सिंह, धनंजय गोस्वामी, रोशन सिंह, ओमकार पटेल, इंशु गुप्ता, आशीष तिवारी, महर्षि बाजपेई, मोनू रजक, मुकेश राव व अन्य मौजूद रहे।

महिला पर फावड़ा से हमला, जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकारी जमीन पर कब्जा करने के विवाद में के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद युवक ने महिला पर फावड़ा से वार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है। ग्राम दर्रा निवासी शीत बाई पति घासीदास (35) गांव के सरकारी जमीन पर कई सालों से झोपड़ी बनाकर रहती है। अब वह मकान बनाने की तैयारी कर रही है। 8 अगस्त को पति के साथ वहां पहुंची तो उसके झोपड़ी पर गांव के ही कन्हैया सतनामी कब्जा ने कर लिया था। महिला ने कन्हैया को समझाइश दी पर जमीन को अपना बताने लगा। इस पर महिला बाजू में पड़ी खाली जमीन पर मकान बनाने नाप जोख करने लगी। कन्हैया उस जमीन को भी अपना बताने लगा। महिला के पति ने कहा कि वह जमीन का लगान कई सालों से जमा करते आ रहा है। कन्हैया इससे भड़क गया।

विदेश से गिफ्ट झांसा देकर महिला से ठगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत में रहने वाली महिला को यूके से गिफ्ट आने का झांसा देकर फोन करने वाले ने 1 लाख 80 हजार रुपए की ठगी कर ली। रेंज साइबर थाना में इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई गई है। सीपत एनटीपीसी निवासी हिना वानखेड़े के पास कुछ दिन पहले वॉट्सअप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को डीएचएल कोरियर कंपनी का कर्मचारी बताया और यूके से महंगा गिफ्ट आने की जानकारी दी। कहा मुंबई एयरपोर्ट से आने का उसे कोरियर चार्ज लगेगा। इसके अलावा महंगा गिफ्ट होने पर टैक्स व रास्ते में गाड़ी खराब होने का झांसा देकर उससे 1 लाख 80 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठग ने कहा कि मुंबई के एयरपोर्ट में हैं, उसे भेजने का कोरियर चार्ज लगेगा। महंगा गिफ्ट होने पर कस्टम टैक्स, गाड़ी खराब होने की बात कहकर ठगी की गई।

हाथी घोड़ा पालकी....के जयकारे से गूंजा देवालय

बिलासपुर/नवप्रदेश। जन्माष्टमी का उत्सव को लेकर न्यायधानी सहित ग्रामीण अंचलों में भगवान श्री कृष्ण के जन्म को लेकर मंदिरों भक्तों की भीड़ एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़ी। घर से मंदिर तक श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी की धूम मची हुई है। कान्हा के लिए एक से बढ़कर एक व्यंजन और पकवान तैयार हैं। दही, मक्खन की हांडी फोड़ते नजर आए। शहर के विभिन्न स्कूलों में बच्चे राधारानी और कान्हा की वेशभूषा में पहुंचे। कैंपस में जमकर उत्सव मना।

न्यायधानी में प्रतिवर्ष जन्माष्टमी सबसे खास अंदाज में मनाया जाता है। इस साल भी कृष्ण भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। वेंकटेश मंदिर से लेकर घोंघा बाबा मंदिर, रेलवे बंगाली स्कूल चौक, राधा कृष्ण मंदिर आदि जगहों पर भगवान श्रीकृष्ण के आगमन को लेकर भव्य तैयारी की गई थी। शहर के कुछ जगहों में बुधवार को भी जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। सरकारी और निजी स्कूलों में छोटे बच्चों को श्रीकृष्ण और राधा के वेशभूषा में बुलाया गया था। डीएवी पब्लिक स्कूल वसंत विहार, रेलवे अंग्रेजी माध्यम में शानदार कार्यक्रम हुआ। बच्चों संग शिक्षकों ने भी उत्सव का खूब आनंद उठाया। जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार पोशाक, लंगोट, माला, मुकुट, चूड़ी, तिलक, कुंडल, कंगन आदि से किया जाता है। भगवान को बैठाने के लिए आसन, सिंहासन बनाकर झूला भी झुला जाता है। जन्माष्टमी पर सभी मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण व राधारानी को नई पोशाकें धारण कराई जाएंगी। मंदिरों में इस बार भगवान की पोशाक मथुरा, वृंदावन, अहमदाबाद, कोलकाता, मुंबई, गुजरात, जयपुर से मंगाई गई थी।

सर्व यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा सर्व यादव समाज द्वारा लाल बहादुर शास्त्री मैदान से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्व. लखीराम आडिटोरियम में जाकर समाप्त हुई। सरकंडा सुभाष चंद्र बोस चौक, चांटापारा, गोलबाजार में मटकी फोड स्पर्धा भी आयोजित की गई। जन्माष्टमी पर रेलवे बंगाली स्कूल चौक में मेले का आयोजन किया गया है। जहां बच्चों के झूले से लेकर खिलौने व अन्य सामान हैं। यहां श्री कृष्ण का दिव्य मंदिर तैयार किया गया है। आकर्षक लाइट और गुब्बारों से सजावट की गई है।

भटचौहरा स्कूल में बलवा, कक्षा में घुसकर आपस में चलाई लाठियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक भटौचारा विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के बीच विवाद हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रों के स्वजन लाठी लेकर स्कूल पहुंच गए और बच्चों के साथ-साथ एक दूसरे पर लाठियां भांजी। इससे स्कूल में माहौल गरम हो गया। सूचना पर पचपेड़ी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और भीड़ को स्कूल से बाहर किया। इस मामले में दोनों पक्ष के खिलाफ बलवा के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस इस मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम भटचौरा निवासी ओंकार पटेल शासकीय उच्चतर माध्यिमक विद्यालय भटचौरा में कक्षा 10 वी का छात्र हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि बीते मंगलवार को स्कूल गए थे। वहां अपने दोस्त डिगेश्वर पटेल ,अभय रजक, किरण पटेल के साथ कक्षा के बाहर ग्राउंड पर बातचीत कर रहे थे। दोपहर 12.30 बजे गावं के गौतम ,किशन,ऋषि ,मंजीत समीर व उनके अन्य साथी स्कूल परिसर आए और गाली-गलौज करते हुए छात्रों पर लाठी, डंडा, बेल्ट व हाथ मुक्का से मारपीट की। जिससे छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दूसरा पक्ष के शकुंतला जांगडे ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उनके दो बच्चे सौर्य जांगड़े इंद्र जांगड़े गांव के ही सरकारी स्कूल में पढने जाते हैं। रोज कि तरह मंगलवार को भी दोनों बच्चे स्कूल गए थे। दोपहर 12 बजे सौर्य व इंद्र भागते दौड़ते व रोते हुए घर की तरफ आ रहे थे। उनके पीछे तीजराम पटेल, कलेश्वर पटेल ,सीभू पटेल ,अभय पटेल ,मुकेश पटेल, योगेश पटेल, अजय कुमार पटेल ,रामगोपाल पटेल ,राकेश पटेल व अन्य लोग लाठी, डंडा लेकर आ रहे थे और सौर्य व इंद्र के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपित युवकों ने मोहल्ले के ऐश्वर्या कोसले व मानवी कुमारी को भी पीटा।

स्काउट गाइड ने किया सिम्स में रक्तदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ बिलासपुर द्वारा विनोद सेवन लाल चंद्राकर संसदीय सचिव एवं राज्य मुख्य आयुक्त छ. ग. तथा राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट डी .के .कौशिक के मार्गदर्शन में 05 सितम्बर को सिम्स हास्पिटल में रक्तदान किया गया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट विजय यादव के नेतृत्व में शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त सचिव लता यादव, युवा समिति अध्यक्ष महेन्द्र बाबू टंडन,रोवर लीडर शिवा यादव,भेष कुमार साहू,शिव कुमार साहू,नरेश कश्यप, रेंजर लीडर निधि कश्यप, रेंजर निशा साहू, प्रियंका यादव ,यज्ञ दत्त वर्मा प्रदीप साहू आदि ने रक्तदान किया।

कल्याण समिति का मतदान 10 सितंबर को

बिलासपुर/नवप्रदेश। महर्षि वाल्मीकि समाज बहुद्देशी कल्याण समिति के पंजीयन नियमावली के अनुसार वाल्मीकि समाज के चुनाव की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन हुआ। इसमें 7 पदों के लिए समाज के लोगों ने नामांकन फार्म भरा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सम्मन लाल सेवते, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुदेश डागोर हैं। इनकी उपस्थिती मे प्रबंध कारिणी समिति के सभी 7 पदों पर नामांकन फॉर्म भरे गए। इसमें उपाध्यक्ष का फार्म सोनू मेहरोलिया, सचिव का अनिल डागोर, सहसचिव का हेमंत गोदरे, कोषाध्यक्ष का चिराग डागोर, सूचना मंत्री का अमित राज चौहान ने भरा। इसी तरह सदस्य का नामांकन फार्म कमल मोरध्वज करोसिया ने भरा। इन सभी 6 पद पर कोई अन्य नामांकन नहीं आया है। इसलिए इन्हें निर्विरोध पद की घोषणा 10 सितंबर को होगी। वहीं अध्यक्ष पद पर 2 नामांकन पत्र जमा हुए।

जनता की तरफ से पैरवी करेंगे सांसद तन्खा

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा का आज बिलासपुर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ और उन्होंने हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के सदस्यों के साथ बिलासपुर एयरपोर्ट पर चल रहे विकास कार्य का मुआयना और समीक्षा की। सांसद तन्खा ने बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी धनराशि को उचित बताते हुए निर्माण एजेंसी से कार्य की गति बढ़ाने की जरूरत बताई। वहीं केन्द्र सरकार से उन्होंने अपील की कि बिलासपुर से देश के चारों दिशाओं में महानगरों तक कम से कम एक सीधी फ्लाईट संचालन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये और बिलासपुर भोपाल इंदौर जो फ्लाईट बंद कर दी गई है उसका पुनः संचालन कराने का आदेश है।

गौरतलब है कि बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर में नाईट लैंडिंग एवं टर्मिनल बिल्डिंग विस्तार का कार्य चल रहा है। यह कार्य पूर्ण होने पर बिलासपुर में रात के समय भी उड़ाने चल सकेगी। वहीं बड़ी टर्मिनल बिल्डिंग में यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधा मिल सकेगी। आज हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के सदस्यों ने विवेक तन्खा को बताया कि टर्मिनल बिल्डिंग में डिपार्चर हॉल का विस्तार तो हो चुका है परन्तु अराईवल हॉल का काम लगभग रूका हुआ है जबकि इसी में कन्वेयर बेल्ट आदि लगाकर यात्रियों को सुविधा दी जानी है। इसी तरह नाईट लैंडिंग संबंधी कार्य भी 27 सितम्बर से लागू होने वाले फ्लाईट विन्टर शेड्यूल के पहले पूरा होना जरूरी है। सांसद तन्खा ने सांसद का स्वागत किया। निर्माण एजेंसियों के द्वारा कार्य व गति बढ़ाने की जरूरत पर सहम जताई और अराइवल हॉल को जल्दी पूरा करने को भी कहा। क 7 सितम्बर को उच्च न्यायालय बिलासपुर हवाई सुविधा विकास संबंधी जनहित याचिकाओं प सुनवाई है और इसमें बिलासपुर व जनता और हाईकोर्ट अधिवक्ता की तरफ से विवेक तन्खा पैर करने सहमत हो गये है तथा कल अपना पक्ष रखेंगे।

सिंधी कॉलोनी में 15 शिक्षिकाओं का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर सिंधु विद्या मंदिर द्वारा भक्त कवररामनगर सिंधी कॉलोनी द्वारा शिक्षकों को सम्मान करने का कार्यक्रम रखा गया था सिंधु विद्या मंदिर के सचिव संतोष छत्री कालू भाई ने बताया कि सिंधी युवक समिति बिलासपुर द्वारा1983 से संचालित कर रहा है संचालित सिंधु विद्या मंदिर में 15 शिक्षिकाए हैं जिन्हें आज शिक्षक दिवस पर मुख्य अतिथि हरिकिशन गंगवानी वरिष्ठ पत्रकार द्वारा सभी शिक्षिकाओं को सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षा समिति के अध्यक्ष उधम माखीजा द्वारा किया गया कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम गीत संगीत डांस किया गया शिक्षक दिवस के अवसर सिंधी युवक समिति के अध्यक्ष अजीत थावरानी शिक्षा समिति के अध्यक्ष उद्यम माखीजा सचिन संतोष छतरी कोषाध्यक्ष हरीश पृथ्वानी अनिल श्यामनानी हरिकिशन गंगवानी सिंधु विद्या मंदिर की प्राचार्या जया प्रथर्वानी श्रीमती सुशीला लहरे कशिश चंदवानी रितु भोजवानी खुशबू साहू द्रोपती साहू पूनम श्रीवास्तव अनुसूया कु? ज्योति नायडू आफिया अंजुम कु मोनिका हेर्मित प्राचार्य जया प्रथर्वानी सहित सभी शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे

डांडिया धुमाल का आयोजन 15 व 16 अक्टूबर को

बिलासपुर/नवप्रदेश। खुशी ,उमंग एवं उत्साह के पर्व में नवरात्रि पर्व अपने आप में एक विशेष महत्व रखता है और उन दिनों पूरा शहर माता की आराधना में लीन रहता है उनकी भक्ति रस में डूबा रहता है शहर में अनेक स्थानों पर गरबा डांडिया का आयोजन किया जाता है गुजराती समाज का पारंपरिक नृत्य गरबा उत्सव देश में अनेक समाज के लोग उत्साह खुशियों के साथ मानते हैं इसी परिपेक्ष में बिलासपुर का सिंधी समाज भी अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ डांडिया नृत्य का आयोजन करता है नगर में समाज की जनसंख्या को देखते हुए एवं सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष समाज के पत्रकारों के द्वारा प्रथम बार सिंधी समाज के लिए डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड के पास ग्रैंड लोटस में आयोजित डांडिया उत्सव में सिर्फ सिंधी समाज की जनता को ही प्रवेश दिया जाएगा।

सशिमं में शिक्षक दिवस मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की स्मृति में मनाया जाता है इसी परिप्रेक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर परसदा शिक्षक दिवस गरिमा मय रूप से मनाया गया, इस कार्यक्रम के अतिथि के रूप में अध्यक्ष मनीषा चौहान (श्रीजन जनकल्याण चेरीटेबल ट्रस्ट)निर्मला सिंह ,रेखा पाण्डेय, लक्ष्मी वैष्णव, शिवानी,हरीश कौशिक उपस्थित रहे । विघालय प्रधानाचार्य उत्तम वैष्णव, संतोषी कौशिक, अर्चना दुबे, रत्ना लोनिया, आरती वस्त्रकार, हेमलता प्रजापति, अंकिता दूबे, साथ में महिलाओं द्वारा कीर्तन भजन मंडली राजेश्वरी वस्त्रकार, संतोषी वस्त्रकार, लक्ष्मीन लोनिया, जयश्री यादव, निर्मला यादव तथा विघालय के सभी भैया बहन उपस्थित रहे । बच्चो द्वारा गीता पाठ सुनाया गया एव अन्य सांस्कृतिक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । उसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों का तिलक उपहार से सम्मानित किया गया।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए युवा मतदाताओं ने निकाली जागरूकता रैली

बिलासपुर/नवप्रदेश। नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से ही माहौल बनने लगा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेशभर में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को ऐसे बेटे व बेटियां जिनकी उम्र 18 वर्ष की हो गई है और मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम कर लिया है, रैली निकालकर विधानसभा चुनाव में खुद वोट डालने की बात कहते हुए मतदाताओं को मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डालने की अपील करते रहे। रैली के दौरान बेटियां अपने हाथों में मेंहदी लगाई हुई थी। मेंहदी में शत- प्रतिशत मतदान को लेकर जागरुक करती रहीं। रैली जहां से गुजरी बेटियां और बेटे मतदान के लिए प्रभावी ढंग से लोगों से अपील करते रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिंगियाडीह में मतदाता जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान जैसे प्रभावी नो लगाते हुए लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते रहे। आत्मानंद स्कूल चिंगराजपारा में नृत्य, चित्रकला एवं रंगोली बनाकर स्कूली बच्चों ने स्वीप कार्यक्रम में भाग लिया। इसके साथ ही डीएलएस पीजी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय के छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराया। आगामी निर्वाचन को देखते हुए जिले में व्यापक स्तर पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। भविष्य के युवा मतदाताओं को कार्यक्रम से जोड़कर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लोगों को मतदान के लिए जागरुक करने के लिए हर स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नवविवाहितों का सम्मेलन और सम्मान का कार्यक्रम भी आयोजित की जा रही है। बहुओं को मतदान के लिए सबसे पहले पोलिंग बूथ पहुंचने और मतदान करने की समझाइश दी जा रही है। इसके अलावा घर के अन्य सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी दे रहे हैं।

राजस्व मंत्री के करीबी युवा नेता विकास सिंह गिरफ्तार, समर्थकों में खलबली

कोरबा/नवप्रदेश। राजस्वमंत्री के करीबी युवा नेता विकास को पुलिस ने गिफ्तार कर लिया है।बता दें कि युवा नेता पर गम्भीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज है। वे पिछले कुछ दिनों से फरार चल रहे थे। उसकी गिरफ्तारी की खबर के बाद कांग्रेस समर्थकों में खलबली मच गई है।

बता दें कि 12 मार्च 2020 को एक महिला ने लिखित शिकायत दर्ज करते हुए एसपी से गुहार लगाई थी। उन्होंने अपने शिकायत पत्र में कहा था कि युवा नेता विकास सिंह शादी का झांसा देकर अनाचार करता रहा है और शिकायत करते पर धमकी दे रहा था। मामले की शिकायत के बाद दीपका पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद श्री सिंह ने हाईकोर्ट से स्टे लिया था। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने स्टे निरस्त कर दिया था।उसके बाद विकास सिंह ने जिला कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी। केस की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अग्रिम जमानत खारिज कर दिया था। जमानत खारिज होते ही गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। आखिरकार आज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़िता के पति का अपहरण

जिसमें न्यायालय के विचारण के दौरान आरोपी विकास सिंह ने पीड़िता रजनी के पति को पेशी दिनांक को अपहरण कर ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थीया के ऊपर बयान बदलने का दबाव बनाया था जिस पर से प्रार्थीया मजबूर होकर अपने बयान को न्यायालय में बदल दी जिस पर से न्यायालय ने संज्ञान लेकर पीड़िता को 2 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई थी। बाद में प्रार्थिया ने खुद पर घटित हुए अपराध की लिखित शिकायत आवेदन दिनांक 12 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित शिकायत आवेदन पेश किया था। आरोपी विकास सिंह के आपत्तिजनक फोटोग्राफको पुलिस को सौंपा गया।

ये है मामला

दिनांक 12 मार्च 2020 को प्रार्थीया (रजनी, परिवर्तित नाम) द्वारा लिखित शिकायत आवेदन पुलिस पुलिस अधीक्षक कोरबा के कार्यालय में आरोपी विकास सिंह निवासी कोरबा के विरुद्ध अपने शिकायत आवेदन पेश की कि आरोपी विकास सिंह द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर लगातार बलात्कार किया था जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपी के विरुद्ध धारा 376 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर चलान न्यायायल में प्रस्तुत किया गया था।

आंदोलनरत शिक्षाकर्मियों ने धरनास्थल पर मनाया जन्माष्टमी

पखांजूर(नवप्रदेश)। शिक्षक मोर्चा संघ कोयलीबेड़ा के बैनर तले 1500 शिक्षक, शिक्षिकायें दिनाँक 04/09/2023 से ÷बी.ई.ओ. और लेखपाल हटाओ कार्यालय बचाओ÷ के मुद्दे को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल के चतुर्थ दिवस में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर,हड़ताल स्थल पर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा की पुजा अर्चना और मिठाई वितरण के साथ साथ भजन व गीत कविता के माध्यम से जन्माष्टमी मनाते हुवे हड़ताल जारी रखा।इस अवसर पर शिक्षक मोर्चा ने मटकी फोड़ का आयोजन रखा जिसमें शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, जिनमे जिला सह संयोजक श्री अशोक मृधा, श्री प्रकाश चन्द्र कांगे, श्री रंजीत कर। ब्लॉक संचालक श्री मति बलविंदर कौर, श्री आसित मंडल, श्री गणेश दास। तठस्थ सदस्य गण श्री होरीलाल साहू, तुमेश्वर विश्वकर्मा, जैनसिंह चंद्रवंशी, फगुआ राम भुआर्य, अर्चित व्रत रॉय, गोपाल सरकार, सहदेई नाग, गुरुदास बनर्जी,रूपा मरकाम, गौतम मण्डल, शिशिर सरकार, रंजीत सरकार, गोविंद बघेल,लता बघेल, ममता दुग्गा,सुनीता ।कोटपरिया, अनिमा मंडल, इन्द्रसेन निषाद, संतोष मरगेन्द्र, सुखेन बड़ाई, सुकदेव भुआर्य, दिनेश गोरे, शोभा मंडल, फरसू राम दर्रो, आत्मा राम यादव, साजन सेन, चंदू राम साहू,मनेश नायक, असुंता तिग्गा,मधुमालती ध्रुव, सोनबत्ति सिन्हा, पिंकी लहरी, कविता कुंजाम,विपुला कर, पिंकी कर्मकार, गीता मरकाम,संजू कर,अजित ठाकुर, ललिता ठाकुर, भोज साहू, बलराम उर्वाषा, हरीश नेताम,दामन लाल चंदेल,विभुति भूषण कुंडू, नरेन्द्र ठाकुर, अशोक यादव, ईश्वरी साहू,देवकी बाथो,प्रभास मंडल,मनमोहन सिकदार, अशोक ठाकुर, अजित बोश, दिनेश विश्वास, गोविंद राम नरवास,लीलाधर प्रसाद सुधाकर, मंगलू राम ध्रुव, पवन निषाद, ओमेश्वरी नेताम, दुलेश्वरी रावटे, मनीष मिस्त्री, निर्मलचंद्र मांझी,मोहित तारम, सुनील गाईन, रवि राणा, हरिचंद वैध,महेश नायक,उपस्थित रहें।

जन्माष्टमी महोत्सव में विधायक चन्द्रदेव राय हुए शामिल

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। माता शबरी की पावन धरा नगर शिवरीनारायण में कमलवंशी कंवर समाज नरधा राज द्वारा निर्मित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया अंजनी मनोज तिवारी अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण, निरंजन अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण, प्रकाश बंसल के द्वारा श्रीराधाकृष्ण के पूजन पश्चात् ग्राम नरधा के कीर्तन मण्डली के द्वारा भजन कीर्तन करते हुए राधे-राधे गुंजायमान के साथ ही राधाकृष्ण की वेश में रथ में सवार कर झाँकी और सैकड़ों की संख्या में कंवर समाज के मंदिर से प्रस्थान कर भगवान राम मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग से वापस नगर भ्रमण करते हुए मंदिर तक पुनः पहुँचे ऐसा भव्य कार्यक्रम देखकर नगरवासी बहुत ही उत्सुकता के साथ भक्तिमय वातावरण को देख रहे थे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय चन्द्रदेव प्रसाद राय (गुरूजी)संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़, कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण सिंह तोमर कर रहे थे विशिष्ट अतिथि नारायण खाण्डेलिया वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सिद्धार्थ मिश्रा अध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल, मोतीलाल साहू अध्यक्ष नगर पंचायत टुंडरा, भागवत साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़,हेमंत दुबे विधायक प्रतिनिधि, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सोनाखान,गोवर्धन सिंह कंवर अध्यक्ष केंद्रीय कमलवंशी कंवर समाज, सखाराम कमलवंशी सचिव केंद्रीय कमलवंशी कंवर समाज रहे सभी उपस्थित अतिथियों का बुके, पुष्पमाला, तिलक, एवं गमछा भेंट कर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि माननीय चन्द्रदेव राय जी ने भगवान श्रीराधाकृष्ण से प्रार्थना करते हुए कहा कि लोगों के जीवन में सुख समृद्धि तथा खुशहाली आये कृष्ण की भक्ति में असीम शक्ति है और माननीय महोदय जी ने प्रसाद के लिए 10,000 दस हजार रूपये की राशि समाज को भेंट स्वरुप प्रदान किए नारायण सिंह तोमर ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किए और रात्रि में भजन कार्यक्रम तथा रामचरित मानस रामायण का भी आयोजन किया गया जांजगीर- चाम्पा जिले के अकलतरा दल्हा राज महमदपुर से सुनीता कंवर एण्ड ग्रुप की भजन गणेश वंदना गौरी के लाला हो भजन, जस गीत,कृष्ण भक्ति गीत नन्द के आनंद भयो गीत ने सभी को भाव विभोर कर दिया और सभी कृष्णभक्ति में झूमने लगे , शिवरीनारायण ग्रुप, रोहित साहू ग्रुप धनसीर और इसके पश्चात् भगवान श्रीराम की अमृतमयी कथा रामायण गायन, प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया था।

राज्य स्तरीय नवाचार एक्सपो में हेमंत श्रीवास का शानदार प्रदर्शन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। राज्य व्यापी पठन अभियान के अंतर्गत शिक्षक दिवस समारोह पर शिक्षकों के नवाचारी प्रयासों का सम्मान और प्रदर्शनी का आयोजन होटल ग्रैंड राजपुताना रायपुर में किया गया। टीचर्स एज चेंजमेकर्स (TEACHER AS CHENJ MAKERS) 'शिक्षक परिवर्तन के वाहक ' इस विषय पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला से हेमन्त कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मड़कडी का चयन SCERT और रूम टू रीड के द्वारा किया गया था।

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग अपने नवाचारों के माध्यम से बच्चों के बुनियादी कौशल को बेहतर बनाने के लिए इस पठन कौशल बुनियादी साक्षरता के महत्वपूर्ण आयाम में से एक है। इसी संदर्भ में रूम टू रीड हर साल की तरह इस वर्ष भी अपने राष्ट्रीय पठन अभियान के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने हेतु मार्गदर्शन में एक प्रयास किया जा रहा है । राज्य व्यापी पठन अभियान टीचर एज चेंज मेकर 6 सितम्बर 2023 को हुआ। एक्सपो में प्रत्येक जिले से एक ऐसे शिक्षक को नामित किया गया था जिन्होंने सामुदायिक जुड़ाव से संबंधित परियोजनाओं अथवा क्रिया कलापो ,कक्षा प्रबंधन रणनीतियों तथा शिक्षा तकनीकी आदि को बच्चों हेतु बड़े नवाचारों के रूप में प्रयोग किया है ।

इसी के रूप में हेमंत कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मड़कडी के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार किया है इनके नवाचारों में से एक थैला 100 झरूविशेष रूप से प्रदर्शित किया गया था। साथ ही उनके द्वारा 60 मुखौटा का निर्माण, 15 पॉकेट TLM विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया और प्रोजेक्टर के माध्यम से अपने स्कूल में किया गया नवाचार खेल - खेल में शिक्षा का वीडियो को प्रदर्शित किया गया ।छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आये नवाचारी शिक्षकों के द्वारा अपने-अपने स्कूलो किया गया नवाचारी कार्य को प्रस्तुत किया गया ,सभी का नवाचार सराहनीय रहा ।मास्टर ट्रेनर के द्वारा सभी नवाचारी शिक्षकों को स्कूल के प्रति विकास के लिए किया गया कार्य की सराहना किया गया और मार्गदर्शन व सुझाव के साथ सभी शिक्षकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

7 कोचियों से 23.9 लीटर अवैध शराब जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 7 आरोपियों से 23.9 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। थाना लोरमी, पथरिया, चिल्फी, मुंगेली, लालपुर द्वारा कार्यवाही की गई। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 10 व्यक्तियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की गई। जुआ खेल रहे है 04 आरोपियों के विरूद्ध थाना लोरमी द्वारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई।

जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 7 आरोपियों के विरूध्द आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना लोरमी द्वारा ग्राम बुधवारा मोड़ में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी शंभू शिकारी के कब्जे से 4 लीटर अवैध महुआ शराब, तहसील चैक के पास दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी प्रथम वंशकार के कब्जे से 3.2 लीटर अवैध देशी शराब एवं ग्राम सारधा में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी सुरेश राजपूत के कब्जे से 3 लीटर अवैध देशी शराब, थाना पथरिया द्वारा साप्ताहिक बाजार में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी अगतू राम के कब्जे से 03 लीटर अवैध देशी शराब, थाना चिल्फी द्वारा ग्राम डिंडौरी में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी शंभूराम के कब्जे से 2.5 लीटर अवैध देशी शराब, थाना मुंगेली द्वारा बुधवारी बाजार में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी अमरनाथ देवांगन के कब्जे से 4.5 लीटर अवैध देशी शराब, थाना लालपुर द्वारा ग्राम कुधुरताल में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गजेन्द्र नवरंग के कब्जे से 3.7 लीटर अवैध देशी शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

कलेक्टर ने किया विभिन्न शाखाओं का

■ **अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों की होगी वेतन कटौती**

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों में समय पर अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति देखकर जमकर नाराजगी जाहिर की और उनका वेतन कटौती करते हुए नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कार्यालयों की साफ सफाई, फाइलों का उचित रख रखाव के भी निर्देश दिए। बता दें कि कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग, जिला कोषालय, राजस्व, शिक्षा, आबकारी, योजना एवं सांख्यिकी, खेल, श्रम, मत्स्य पालन, चिप्स, एनआईसी, महिला बाल विकास, डिजीटल अभिलेखागार सहित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई अधिकारी-कर्मचारी समय पर अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने कहा कि कई कार्यालय आम जनता से सीधे जुड़े होते हैं।अधिकारी-कर्मचारियों के अनुपस्थित होने के कारण आमलोगों को भटकना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट हिदायत देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर विभागीय कामकाज को जिम्मेदारीपूर्वक करें। आमजनता को किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होना चाहिए।

किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाएं : कलेक्टर

कलेक्टर ने कृषि कार्यालय का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कृषि कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर विभागीय कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने वहां विभागीय कार्य में तेजी लाने तथा किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ वर्ष 2023 हेतु किसानों को पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि एक भी किसान का पंजीयन नहीं छूटना चाहिए। अभियान चलाकर शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ फसलों के पंजीकृत उत्पादक किसानों को 09 हजार रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि 04 किश्तों में दी जाती है। साथ ही धान के बदले कोदो कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुगंधित धान, केला, पपीता आदि की फसल लगाने या फिर वृक्षारोपण करने पर किसानों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि प्रदान की जाती है।

कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व विक्रय, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वाटर शेड के अंतर्गत आने वाले गांवों, उत्पादक समिति के अंतर्गत किसानों की सूची, किसान समृद्धि योजना, जैविक खेती मिशन, किसान मेला, आत्मा प्रोजेक्ट की भी जानकारी ली।

बच्चों को परिचित कराने मनाया जा रहा है त्यौहार

■ **कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया**

मुंगेली/नवप्रदेश। स्कूलों में बच्चों को त्यौहारों से परिचित कराने के उदेश्य से स्थानीय स्कूलों में विभिन्न त्यौहार स्कूलों में मनाया जा रहा है जिसके तहत रामा बाई पाण्डेय स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमे शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।प्रदेश के त्योहारों से बच्चों को परिचित कराने के उद्देश्य से सभी त्यौहार बच्चों के साथ मिलकर स्कूलों मे मनाया जा रहा है जिसके तहत श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार रामा बाई पाण्डेय शासकीय प्राथमिक शाला मे बड़े ही धूम धाम से मनाया गया स्कूल की बच्चियां जहा राधा के वेश मे नजर आई वही बच्चे श्री कृष्ण की वेशभूषा मे नजर आये साथ ही मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया इस कर्यक्रम को सफल बनाने मे प्रधान पाठिका श्रीमती अनिता शुक्ला, शिक्षक.,प्रफूल्ल कुमार पटेल,श्रीमती नवलेश बंजारे,दिलीप चतुर्वेदी, सहित बच्चों का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर ने ज्ञानी को प्रदान किया अनुकम्पा नियुक्ति पत्र

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत कार्यरत श्री शिवनारायण राम के आकस्मिक निधन हो जाने पर उनके पुत्र श्री रामशरण ज्ञानी को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किया और शासन द्वारा दी जा रही जिम्मेदारी का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने की बात कही।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग में स्व.शिवनारायण राम भृत्य के पद पर पदस्थ था, जिसका 09 नवंबर 2022 को आकस्मिक निधन हो गया था,जिसके बाद उनके पुत्र रामशरण ज्ञानी को भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

फरार स्थायी वारंटी को कोर्ट में पेश किया

मुंगेली/नवप्रदेश। थाना मुंगेली द्वारा 2 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी कुशमनी जांगड़े को पकड़कर विधि सम्मत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 1858/21 धारा एन.आई. एक्ट 138 में आरोपी कुशमनी जांगड़े का स्थाई वारंट जारी था।वर्ष 2021 में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 1858/21 धारा एन.आई. एक्ट 138 की आरोपी कुशमनी जांगड़े पिछले दो वर्षों से फरार थी, जिसे मुखबिरों की सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर स्थाई वारंटी कुशमनी जांगड़े को विधिवत् न्यायालय पेश किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आसियान समिट से ...

पहले जकार्ता पहुंचने पर पीएम का पारंपरिक अंदाज में स्वागत हुआ था। मोदी के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर भी आसियान समिट में शामिल हुए।

'भारत और इंडिया' में ...

के कई षड्यंत्र हुए लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली इसलिए आज यह सवाल बेहद जरूरी है। क्योंकि यह सवाल देश के वर्तमान और भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा' एक तीर्थ यात्रा थी और तीर्थ यात्रा कभी समाप्त नहीं होती। तीर्थ यात्रा, हर यात्रा का प्रारंभ होती है। हम आपको वचन देते हैं कि 'भारत जोड़ो यात्रा' के आदर्श, प्रेरणा और उद्देश्य निरंतरता में जारी रहेंगे। भारत जोड़ो यात्रा चल रही है और अब यह हर प्रदेश और हर जिले में पांच से छह बजे तक चलेगी और इसकी परिणति एक सभा मे होगी।

अब डीएमके नेता राजा ...

उदयनिधि ने गुरुवार को 4 पेज के स्टेटमेंट में अपनी बातों को साफ किया। इसी के साथ उदयनिधि के पिता एमके स्टालिन ने बेटे का बचाव किया। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर बयान पोस्ट किया - भाजपा ने झूठी कहानी फैलाई है। पीएम ने भी बिना सच जाने इस पर कमेंट किया। दरअसल, बुधवार 6 सितंबर को मंत्रिपरिषद की एक बैठक में पीएम ने सभी मंत्रियों को सनातन विवाद पर सख्त जवाब देने की बात कही थी।

आकाशगंगा मार्केट जलमग्न...

तरफ से कोई मोटर पंप तक की और पानी बहार करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम का बंदोबस्त नहीं किया जा सका था।

चुनाव आयोग ने एडीआर ...

लेकिन ईवीएम की गिनती और वीवीपैट पर्चियों की गिनती के बीच किसी भी विसंगति की संभावना नहीं हो सकती है। इस महीने की चार तारीख को शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में एडीआर की याचिका को गलत बताते हुए आगे कहा गया, चुनाव संचालन नियम 1961 के प्रावधान किसी भी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं करते हैं। वास्तव में संबंधित प्रावधानों की कई मौकों पर न्यायिक जांच हुई और उनकी संवैधानिकता को बार-बार बरकरार रखा गया है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में सभी मतदान केंद्रों के वीवीपैट के साथ ईवीएम में गिनती को सत्यापित करने की गुहार लगाई गई है। फि लहाल, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों पर सत्यापन की व्यवस्था है।

केंद्रीय पूल में चावल...

हुए कहा है कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने का उल्लेख करते हुए, जो कि विगत कई वर्षो से खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 से 15 क्विंटल प्रति एकड निर्धारित थी, केन्द्रीय पूल में 86 लाख मे.टन चावल उपार्जन के लक्ष्य को यथावत रखे जाने का अनुरोध किया गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

5 सूत्रीय मांगों को लेकर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर

■ मरीजों का बुरा हाल, इलाज के लिए भटकना पड़ रहा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश । 5 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दिनों से दंतेवाड़ा में डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस वजह से जिला अस्पताल के साथ स्वास्थ्य केंद्रों का भी बुरा हाल हो गया है, और यहां पहुंचने वाले मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कि ग्रामीण अंचलों में मरीज झोलाछाप डॉक्टरों के पास इलाज कराने के लिए मजबूर हो रहे हैं. ,वही अस्पताल में भी आपात काल में हर रोज मरीजों की लंबी लाइन लग रही है, लेकिन उन्हें इलाज नहीं मिल पा रहा है। चुनाव को देखते हुए डॉ एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया और मांग पूरी होने तक काम पर नहीं लौटने की बात कही है, इधर इतनी बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है, जिसके चलते मरीजों का इलाज के अभाव में बुरा हाल हो गया है।

वेतन विसंगति के लेकर हड़ताल

वेतन विसंगति के साथ ही अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन पिछले छः दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है । दंतेवाड़ा के भी स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में आया और वार्ड बॉय के भरोसे स्वास्थ्य व्यवस्था चल रही है। जिले के डॉक्टर के साथ लगभग सभी स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर बैठ गए हैं। मरीजो का कहना है कि गांव के स्वास्थ केंद्रों से लेकर शहर के अस्पतालों में भी इलाज नहीं मिल पा रहा है जिस वजह से गंभीर रूप से बीमार मरीजों की तबीयत और बिगड़ते जा रही है।

> कितने डॉ और स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर है उन्हें जानकारी नही है आप लिखित में जानकारी मांगे तो जांच कर बता पाऊंगा । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है अस्पताल प्रशासन की क्या व्यस्था है देखा जा सकता है।
>
> **के डी कश्यप,** सिविल सर्जन

जन्माष्टमी पर राधाकृष्ण मंदिर में विशेष पूजा आरती

■ विधायक सावित्री ने प्रदेश की सुख समृद्धि और शांति की कामना

कांकेर/नवप्रदेश। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर वार्ड नंबर 11 स्थित राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विशेष पूजा अर्चना रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी वार्ड में पहुंचकर पूजा अर्चना किया गया।

पूजा अर्चना आरती पश्चात वार्ड वासियों और नगर वासियों को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई देते हुए नगर सहित पूरे प्रदेश की आम जनमानस के लिए सुख,शांति समृद्धि प्रगति तरक्की और खुशहाली के लिए भगवान श्री कृष्ण जी से कामना किया गया। इस कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेंद्र यादव एल्डरमैन सत्यजीत यादव अमृत देवांगन सहित समिति के समस्त सदस्य गण और मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

नाराज भाजपा पार्षदों ने लगाया सड़क पर रोपा

सुकमा/नवप्रदेश। दोरनापाल नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 13 में ओड़िया पारा में कई दिनों से सड़क नहीं बनने से कीचड़ हो गया था। जिससे वार्ड वासियों को काफी तकलीफ हो रही थी।बार-बार शिकायत के बाद भी सड़क निर्माण नहीं किया जा रहा है।इसी मुद्दे पर भाजपा के पार्षदों ने भाजपा के कार्यकर्ता एवं वार्ड क्रमांक 13 के निवासियों के साथ रोपा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र मोनू सिंह भदोरिया ने कहा कि 21अगस्त को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन में हमने मांग किया था कि वार्ड क्रमांक 13 का अगर सड़क एक हफ्ता में नहीं बनता है तो उक्त सड़क पर रोपा लगाकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा के जिला महामंत्री कोरसा सन्नू ने भी वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर नगर पंचायत सड़क नहीं बनाती है तो हम सभी वार्ड वासियों के साथ मिलकर सड़क निर्माण करेंगे। अगर एक हफ्ते में सड़क का कार्य नहीं शुरू होता है तो भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एवं भाजपा के कार्यकर्ता श्रमदान करके सड़क बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षदों ने वार्ड क्रमांक 13 के कांग्रेस के पार्षद पर निष्क्रियता का आरोप लगाया। एवं वार्ड तेराह के निवासीयों पर खास कर ओड़िया पारा के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार का भी आरोप लगाया। विरोध प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष बलिराम नायक, वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद राधा नायक, कोशी ठाकुर, पुष्प लता भदोरिया, मडकम पोदीये, लक्ष्मी चौहान, सोढ़ी मंगी, सोढ़ी मंगली, मोना सुनानी, के साथ ही वार्ड क्रमांक 13ओड़िया पारा के निवासी साथ रहे।

जन सुविधाओं के 9 मुद्दों पर गारंटी पत्र जारी

आम आदमी पार्टी की प्रेस वार्ता

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। इस प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी राज्य इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा माननीय केजरीवाल के द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को आगामी निर्वाचन के उपरांत छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सत्ता आने पर जनता को मिलने वाली जन सुविधाओं की कुल 09 मुद्दों पर गारंटी पत्र जारी किया गया । आम आदमी पार्टी की छत्तीसगढ़ की जनता के लिए दसवीं सेवा गारंटी किसानों तथा जनजाति वर्ग से संबंधित रहेगी जिसकी उद्घोषणा माननीय अरविंद केजरीवाल जी द्वारा 16 सितंबर जगदलपुर शहर के लालबाग मैदान की कार्यक्रम में की जाएगी। इस पत्रकार वार्ता में जिला के सचिव जयनारायण बस्तरिया द्वारा कहा गया कि - शिक्षा और स्वास्थ्य की उत्तम सुविधा तथा भ्रष्टाचार के विरोध में सरकारी सिस्टम को खड़ा करने के लिए आम आदमी की विशिष्ट पहचान; आज पूरे भारत में है। यही पहचान छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को जीत दिलाकर जन सेवा का मौका प्रदान करेगी।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष बल्लू भवानी द्वारा 16 सितंबर को माननी केजरीवाल जी के कार्यक्रम की रूपरेखा से मीडिया को अवगत कराया गया ।

पत्रकार वार्ता में जिला सचिव द्वारा केजरीवाल जी की गारंटीयों का वचन कर विस्तृत विवरण दिया।

बिजली गारंटी-दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी हर महीने हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।छत्तीसगढ़ के सभी गांव और शहरों में बिना कट लगे 24 घंटे बिजली दी जाएगी।छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सारे पुराने बकाया घरेलू बिजली बिल माफ किए जाएंगे।

शिक्षा गारंटी-छत्तीसगढ़ के हर बच्चे को अच्छी और फ्री शिक्षा दी जाएगी।

दिल्ली की तरह सभी सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया जाएगा।दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ में भी प्राइवेट स्कूलों की नाजायज़ फीस नहीं बढ़ने देंगे। सभी कच्चे शिक्षकों को पक्का किया जाएगा। शिक्षकों के सभी खाली पद भरे जाएंगे। शिक्षकों को शिक्षण के अलावा और कोई भी अन्य कार्य नहीं दिया जाएगा।

स्वास्थ्य गारंटी-दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ के हर नागरिक के लिए मुफ्त और अच्छे इलाज का इंतजाम किया जाएगा।दिल्ली की तरह सभी दवाइयाँ, टेस्ट और ऑपरेशन मुफ्त किए जाएंगे।दिल्ली की तरह हर गांव और वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा।

महिला से मकान दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

■ झांसे में आकर महिला ने अपने गहने तक ठग को दिए

कांकेर/नवप्रदेश। मकान दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला ठग को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस ने महिला को मकान दिलाने के नाम पर नकदी एवं गहने सहित कुल 10 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी बिमला नाग पति स्व शिवकुमार नाग उम्र 50 निवासी फारेस्ट कालोनी कांकेर ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराया था की प्रार्थिया वन विभाग में भृत्य के पद पर पदस्थ है,उसके ऑफिस में श्रवण कुमार मरकाम का व्यक्ति आता जाता था उसके साथ प्रार्थिया की जान पहचान हो गई थी इसी दौरान श्रवण कुमार मरकाम ने प्रार्थीया से कहा कि श्रीरामनगर कांकेर में साई सोसायटी के द्वारा मकान निर्माण किया जा रहा है वहां पर कम कीमत में मकान मिल जाएगा। प्रार्थीया आरोपी श्रवण के बातों से सहमत हो गई आरोपी श्रवण के कहने पर आरोपी के साथ श्रीरामनगर में मकान देखने गई आरोपी ने प्रार्थिया को एक निर्माणाधीन मकान दिखाया और प्रार्थिया से बोला की इसी मकान को अपने नाम से बुक कराने के लिये शुरू में तीन लाख रूपये देना होगा तथा बाद में किश्तो में पैसा देना होगा प्रार्थिया मकान की आस में आरोपी के झांसे में आकर बैंक से अपने नाम से पर्सनल लोन निकालकर आरोपी श्रवण कुमार मरकाम को तीन लाख रूपये माह जनवरी 2019 में दे दिया था उसके बाद आरोपी ने प्रार्थी से कहा की उसके नाम से मकान बुक हो गया है प्रति माह 20000 बीस हजार रूपये देना होगा प्रार्थीया ने कुल 22 बार में चार लाख छत्तीस हजार आरोपी श्रवण कुमार को दे दिया आरोपी श्रवण प्रार्थिया से पैसा लेकर प्रतिमाह प्रार्थिया को साई सोसायटी के नाम पर फर्जी रसीद दे दिया करता था उसके बाद आरोपी श्रवण कुमार मरकाम प्रार्थी ने प्रार्थिया से कहा कि मकान के लिये तत्काल दो लाख रूपये देना है प्रार्थी के पास नगदी रकम नहीं होने के कारण उसने अपना सोने का कंगन एवं सोने का चैन को आरोपी को दे दिया आरोपी श्रवण ने प्रार्थीया को झांसा दिया की वह जेवर बेचकर मकान का पैसा जमा करा देगा प्रार्थिया आरोपी के झांसे में आकर अपना मकान पाने की आस में कुल 10 लाख रुपया से अधिक की राशि एवं सोने जेवरात आरोपी को दे चुकी थी जुलाई 23 में प्रार्थना के भाई एवं भाभी उसके घर आए तब उसने मकान बुक करने की बात अपने रिश्तेदारों को बताई और रिश्तेदारों के साथ लेकर मकान दिखाने गई तब बिल्डर के कर्मचारियों से ज्ञात हुआ कि मकान तो प्रार्थीया के नाम पर नहीं है आरोपी के संबंध में पूछताछ करने पर जानकारी हुआ कि श्रवण कुमार नाम के व्यक्ति ने कोई मकान बुक नहीं कराया है।

विधानसभा चुनाव से पहले परिवहन विभाग का विशेष चेकिंग अभियान

■ 11वाहनों के दस्तावेज मिले अपूर्ण 27 हज़ार का शुल्क वसूला गया

■ वाहन स्वामी/चालक वाहन संबंधित दस्तावेज पूर्ण रखे नही तो कटेगा चालान - अतुल

कांकेर/नवप्रदेश। विधान सभा चुनाव को देखते हुए अन्य राज्यो से आने-जाने वाली संदिग्ध वाहनों पर निगरानी रखने हेतु कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लापरवाही पूर्वक व तीव्रगति से वाहन चलाने पर कार्यवाही किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन बिना पंजीकृत, चार वाहन बिना फिटनेस व बीमा, छः वाहनों में प्रदुषण प्रमाण पत्र व चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नही होना पाया गया,कुल 11 वाहनों पर दस्तावेज पूर्ण करने का हिदायत देते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 27500/- (सत्ताईस हजार पाँच सौ रुपये) समझौता शुल्क वसूल किया गया। श्री असैया ने बताया कि वाहनों की चेकिंग निरंतर जारी रहेगा जिसमे रोड़ टैक्स,परमिट, फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन चलाते पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत वाहनों पर कार्यवाही किया जाएगा।

शिक्षक में ही है अच्छा इंसान बनाने की ताकत : कलेक्टर

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। प्रेस क्लब भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में शिक्षक दिवस गोड़वाना भवन में बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षकों, बेस्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने मैं परिवार की अकेली डॉक्टर और आईएएस हूं, डीएफओ छोटे से गांव से आईएएस है, एसपी भी गांव से आईपीएस बने है यह शिक्षकों की ही देन है। निरीक्षण में हम पाते है नब्बे प्रतिशत बच्चे शिक्षक बनना चाहते है। आपकी छोटी छोटी बातों को कितना ध्यान देते है। शिक्षकों से कहा मैं जावमंत हूं आपके अंदर हनुमान की ताकत को जगा रही। शिक्षक में ही वह ताकत है। किसी को भी अच्छा इंसान बना सकता है। शिक्षक के आचार, विचार और व्यवहार बच्चों को प्रभावित करते है, वैसे ही बन जाते है। कुछ भी पढ़ाता है वही बच्चा सीखता है, वैसा ही बन जाता है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने भी कहा शिक्षकों के बदौलत हम यहाँ है। प्रेस क्लब से राजकुमार दुबे, बीरेंद्र सिंह ठाकुर ने आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी दी।

बीईओ सदे सिंह कोमरे, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष टीएस ठाकुर, रितेश संचेती ने भी संबोधित किया। अतिथियों का आभार सुमंत सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण, प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय साहू, दीपक शर्मा, संजय सोनी, अनुज तिवारी, राजेश रंगारी, जयंत रंगारी, यशवंत चक्रधारी, मयंक सोनी, अभिषेक ठाकुर, आकाश साहू, देवव्रत टांडिया आदि उपस्थित थे।

तीन बेस्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान : प्रतिवर्ष प्रेस क्लब के द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस के मौके पर प्राथमिक, माध्यमिक और हाई, हायर सेकंडरी स्कूल वर्ग के 3 शिक्षकों को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जाता। इस वर्ष हाइ स्कूल वर्ग से अंदरूनी क्षेत्र के स्कूल तारांदुल के गणित के व्याख्याता प्रदीप कुमार से को उनके अध्यापन के अलावा विभिन्न गतिविधियों में अग्रणीय रहते है इसके लिए सम्मानित किया गया। वही माध्यमिक वर्ग में बायानार के प्रधानपाठक कोमल सिंह ठाकुर जो अंदरूनी क्षेत्र के आदिवासी बालिकाओं को अपने घर भानबेड़ा रखकर खुद खर्च कर अध्यापन करवाते है। इसके लिए समानित किया गया। वही प्राथमिक वर्ग में प्राशा खसगांव के रामदेव मंडावी समय प्रबंधन के लिए सम्मान किया गया। वही निजी संस्थान में सरस्वती शिशु मंदिर केवटी के प्रधानाचार्य ज्योति सोरी जो बच्चे दूर के कारण आ जा नहीं सकते ऐसे प्रतिवर्ष 12 से 15 बच्चों को अपने पास रखकर अध्यापन कराते है। सभी का अतिथियों के हाथों सम्मान किया गया।

पातर हल्बा स्मृति सम्मान से कलेक्टर सम्मानितः क्रांतिवीर सुखदेव पातर हल्बा स्मृति सम्मान सुमंत सिन्हा, राजकुमार दुबे के द्वारा उनकी स्मृति को जिंदा रखने एक ऐसे शासकीय सेवक को दिया जाता है जो बेहतर कार्य करते है। इस बार यह सम्मान कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिये यह सम्मान दिया गया।

ऑनलाइन फ्रॉड प्रकरणों में कांकेर पुलिस को मिली सफलता

कांकेर/नवप्रदेशा। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के कुशल निर्देशन अविनाश ठाकुर अति.पुलिस अधीक्षक कांकेर के मार्गदर्शन,अविनाश ठाकुर डीएसपी सायबर के पर्यवेक्षण में माह 1 अगस्त 2023 से 31अगस्त 2023 तक की स्थिति में जिले में कुल 9 अलग-अलग मामलों के वित्तीय फ्रॉड प्रकरणों में 1,30,497 रुपए को होल्ड कराने में सफलता प्राप्त हुई है।इसे प्रार्थियों के खाता में न्यायालय के माध्यम से वापस कराया जाएगा। इसमें सायबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक मनीराम भोई, पर्वत पोया आरक्षक तिरीथ दिवाकर, दिनेश ध्रुव, शैलेन्द्र साहू, ज्ञानचंद ठाकुर एवं आसमोतिन भास्कर कांकेर का अहम भूमिका रही है।

ओटीपी एटीएम क्रेडिट कार्ड बैंक डिटेल की जानकारी किसी को साझा न करें। इसी तरह मोबाइल के एसएमएस से प्राप्त लिंक एवं किसी भी प्रकार के अनजान लिंक पर क्लिक न करें सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम पर पर्सनल जानकारी शेयर न करें, किसी भी प्रकार के हेल्पलाइन नम्बर को गुगल या सर्च इंजन पर फाइंड न करें। व्हाट्सअप पर अनजान कॉल रिजीव न करें, रिमोर्ट एक्सेस एप एनी क्विक स्पोर्ट टीम विवेवर या अन्य किसी एप पर अनजान व्यक्ति के बोलने पर डाउनलोड कर इंस्टाल न करें।

पैराडाइज स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर विभिन्न आयोजन

■ स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चो ने राधाकृष्ण की वेशभूषा में दी मनमोहक प्रस्तुति

■ नन्हें मुन्ने राधा कृष्ण बने बच्चों ने जमकर बटोरी तालियां

कांकेर/नवप्रदेश। कृष्णा जन्माष्टमी पर पैराडाइज स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिये विविध कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमे प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के छात्र-छात्राओं ने राधा एवं कृष्ण की वेशभूषा मे विभिन्न कार्यक्रम के द्वारा एकता, शांति एवं न्याय का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने चित्रकला और लेख लिख कर जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी गई।

जन्माष्टमी के अवसर पर प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के छात्र-छात्राओं के लिये फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे गरिमा, महिमा ,डोमेन्द्र, युग, वेदांत, ओजस्वी, होशांक, कोशांन्जली नैंशी इराम, रूद्रांश श्लोक दीप इन्द्राक्षी, धानी दर्षित रिधिमा भूपेश, नव्या जिज्ञान्शु योशा लवन्या, अलफा आराध्य हार्दिक, काव्या कृतिषा अंक्षत, दिव्यांश रत्नेश मान्या, ऋत्वीक द्रुविका मायरा, लियाना लेखिका दिव्यांशी, दिव्यांश जासवी प्रनय सिद्धि, सूर्यप्रताप खुशबू लावन्या, एकांश प्राची भौमिक तेजेश, निश्चय मुकुंद प्रींस सौरंभ, रेयांश, सानवी, डिंपल, तृप्ती, समृद्धि, मिताली, शिवांशी, शिखा पूनम ख्याति, लव्य, मंयक, कुनाल भावेश रोहिल, सात्विक, अमायरा, अनुभव, अर्नववीर, अयांश, ओमेगा, हर्षवी, जेनिफर, नियति, काव्या, पाखी, शिवन्या, श्रव्या, जिशा, हेजल, अदविक, चैतन्या, चिराग, संजय, नविशा आदि बच्चों ने विभिन्न कलंर एवं वेशभूषा में राधाकृष्ण बनकर सभी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम को संपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, अरबिंद माहतो, दीपांजली गोगोई, स्वाति गुप्ता, वर्षा रमानी, एस.मर्सी, तीरथ साहू, कृष्णापद कुंभकार, इतिश्री गोलुगिरी, सुचिस्मिता खान, भारती सेठिया, मेघा सेवा, सबाना परवीन, अवतार सिंह, प्रतीक सिंह, नीरज रजक, संगीता भारती, पूनम जघेंल, जीतूदास माण्डले, रीया सोनी, प्रीतिलता सोरी, दीप्ती सोनी, सरिता मिश्रा, शिखा मेहरा, आकांक्षा यादव, अनिल कुमार ढाके, रामेश्वरी साहू, ज्योति सलाम, उज्जवल निर्मलकर, शशिकांत देशमुख, रेनू शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, मोना हैवार का विशेष योगदान रहा।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

रायपुर दक्षिण विधानसभा बृजमोहन का अभेद किला, जिसे अभी तक भेद नहीं पाई कांग्रेस

जगदीश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की सबसे हाईप्रोफाइल सीट रायपुर दक्षिण विधानसभा। इस सीट पर सिर्फ और सिर्फ एक उम्मीदवार की तूती बोलती है, वो उम्मीदवार हैं पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक बृजमोहन अग्रवाल। बृजमोहन अग्रवाल के कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस सीट पर उन्हें हराने के लिए विरोधियों ने कई बार खेमेबंदी की, लेकिन हर बार बृजमोहन पहले से ताकतवर बनकर उभरे। चाहे छत्तीसगढ़ में किसी की भी लहर चले या माहौल बने, पर दक्षिण विधानसभा में बृजमोहन को पिछले सात चुनाव से कोई हारा नहीं सका। इस सीट पर अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही बृजमोहन अग्रवाल विधायक हैं। बृजमोहन अग्रवाल 1990 में पहली बार अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक बनें। इसके बाद भी वो 1993,1998 में भी अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक बनें। फिर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल लगातार चार बार 2003, 2008, 2013 और 2018 में चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंच रहे हैं। 2023 विधानसभा चुनाव के लिए बृजमोहन अग्रवाल फिर बीजेपी के उम्मीदवार हो सकते हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से रायपुर महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे, सन्नी अग्रवाल ने दावेदारी पेश की है।

दक्षिण विधानसभा की समस्याएं

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के समस्याओं की बात की जाए यहां की कई तरह की समस्याओं का सामना स्थानीय लोगों को करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी मूलभूत सुविधाएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी अतिक्रमण की समस्या है। इसके अलावा बारिश के समय होने वाला जलभराव लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। पानी के निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। बारिश में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से फेल हो जाता है।

बृजमोहन अग्रवाल

सन्नी अग्रवाल

विपक्षी कमजोर उम्मीदवार, बृजमोहन को फायदा

बृजमोहन अग्रवाल का मैनेजमेंट काफी तगड़ा है। जिस वजह से इस सीट को भेदने में कांग्रेस सहित कोई भी राजनीतिक दल या फिर निर्दलीय उम्मीदवार अब तक कामयाब नहीं रहा है। बृजमोहन पार्टी के साथ-साथ दूसरे राजनीतिक दलों और अन्य लोगों से भी बेहतर संबंध स्थापित करने में कामयाब रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कांग्रेस बृजमोहन के खिलाफ कभी भी कोई बड़ा दमदार उम्मीदवार मैदान में नहीं खड़ा करती है। इस वजह से ही बृजमोहन अग्रवाल लगातार जीतते आए हैं। अगर बृजमोहन अग्रवाल जैसे कद्दावर नेता की तरह कांग्रेस से कोई बड़ा नेता यहां से चुनाव लड़े तो मुकाबला बराबरी का हो सकता है।

पुराने वायदे पूरे नहीं, खड़ी हो सकती है समस्या

भाटागांव, बैरनबाजार, डगनिया, सुंदरनगर, लाखेनगर, मठपुरैना जैसे क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है, सभी मूलभूत सुविधाएं हैं। छोटे-छोटे बहुत से कार्य किए गए हैं लेकिन पिछले साढ़े चार वर्ष से अधिक समय में कोई बड़ा प्रोजेक्ट इस विधानसभा क्षेत्र में नहीं आया है। पुरानी बस्ती से महाराजाबंध तालाब, कुशालपुर होते हुए रिंग रोड चौक तक सड़क चौड़ीकरण का काम किया जाना था। यह प्रोजेक्ट भी ठंडे बस्ते में चला गया है। ऐसे ही भाटागांव और मठपुरैना के बीच 100 बिस्तर का अस्पताल बनाया जाना था। विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने इसके लिए भूमिपूजन भी किया था लेकिन 15 वर्षों बाद भी यह अस्पताल धरातल पर नही उतर पाया है। ये पुराने वायदे 2023 में बृजमोहन अग्रवाल के लिए समस्याएं खड़ी कर सकती हैं।

पिछले तीन चुनाव के परिणाम

2008 के नतीजे	2013 के नतीजे	2018 के नतीजे
बृजमोहन अग्रवाल बीजेपी कुल वोट मिले 65686	बृजमोहन अग्रवाल बीजेपी कुल वोट मिले 81429	बृजमोहन अग्रवाल बीजेपी कुल वोट मिले 77589
योगेश तिवारी कांग्रेस कुल वोट मिले 40747	किरणमयी नायक कांग्रेस कांग्रेस, कुल वोट मिले 46630	कन्हैया अग्रवाल कांग्रेस कुल वोट मिले 60093

मतदाताओं पर एक नजर

कुल मतदाता	2,38,780
पुरूष मतदाता	1,20,706
महिला मतदाता	1,18,017
थर्ड जेंडर मतदाता	57

शिक्षिका के साथ दुष्कर्म की घटना दुखद आरोपी से कांग्रेस का कोई वास्ता नहीं : नीता

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए अत्यांव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम की उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीता लोधी ने कहा कि जशपुर में शिक्षिका के साथ हुई दुराचार की घटना दुखद है। पुलिस प्रशासन आरोपियों को पकड़ने के लिए छापे मार कार्यवाही कर रही है और जल्द आरोपी पकड़े जाएंगे। कांग्रेस पार्टी दुराचार के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करती है। विधायक रंजना साहू को ऐसे संवेदनशील मामलों में गैर जिम्मेदाराना बयान देकर पीड़ित के जख्मों को कुरेदना नहीं चाहिए। रंजना साहू के द्वारा आरोपी का संबंध कांग्रेस के साथ बताया जाना बेबुनियाद आधारहीन है। आरोपी के साथ कांग्रेस का कोई वास्ता नहीं है ना ही वह कांग्रेस के पदाधिकारी है ना सदस्य हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीता लोधी ने कहा कि विधायक रंजना साहू के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के पुत्र ने आदिवासी बेटी के साथ दुराचार किया तो यही भाजपा नेता दुराचार के आरोपी को बचाने निकले थे और पीड़ित के खिलाफ ही उल्टा सीधा बयान बाजी कर रहे थे। रंजना साहू रेप के आरोपियों से कांग्रेस का संबंध ठहराकर बलात्कार के आरोपी भाजपा के नेता एवं उनके परिजनों के दागदार चरित्र को धो नहीं सकती है।

सरकार के मंत्री ने ही खोल दी पोल : अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा है कि मुख्यमंत्री राज्य में भ्रम फैलाने झूठ का पुलिंदा पेश करते हैं और अब उनके ही पूर्व कृषि मंत्री ने पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों को मिलने वाला धान का मूल्य केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य के दम पर है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए अपने घोषणा पत्र में किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा किया था। लेकिन अब किसानों को इस साल धान की जो कीमत मिलेगी, उसमें 2183 रुपए प्रति क्विंटल केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य है। प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा है कि आने वाले पांच साल में धान की कीमत 3600 रुपए प्रति क्विंटल हो जायेगी। वे यह इसलिए बोल रहे हैं कि केंद्र की मोदी सरकार ने 86.5 लाख मीट्रिक टन चावल अर्थात 1 करोड़ 30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का ऐलान किया है। मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के पूरे धान का चावल खरीदेगी। धान का समर्थन मूल्य केंद्र सरकार उत्तरोत्तर बढ़ा रही है। धान का समर्थन मूल्य 2018 से लेकर 2028 तक 10 वर्षों में दो गुना हो जायेगा। इसका मतलब है कि प्रदेश में किसानों को धान का बढ़ता मूल्य केंद्र की भाजपा सरकार के कारण मिल रहा है। लेकिन कांग्रेस सरकार जो बोनस दे रही है, वह तो एक धेला भी नहीं बढ़ा है। बल्कि किसान जब 20 क्विंटल धान बेचेंगे तो प्रति क्विंटल बोनस भी कम हो जायेगा। किसानों के कल्याण की बात केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। प्रदेश निर्माण से अब तक भाजपा ने ही किसानों के धान खरीदने और बोनस देने की शुरुआत की।

आने वाले समय में भी मोदी सरकार के इंजन से प्रदेश में भाजपा सरकार का इंजन मिलेगा तो डबल इंजन सरकार किसानों के आर्थिक कल्याण के लिए निर्णय लेगी। ऐसा प्रदेश में अन्य विकास को रोककर नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी के निर्माण से लेकर सड़क, पुल, पुलिया, स्कूल भवन, अस्पताल भवनों के निर्माण तक समस्त क्षेत्र में ध्यान देगी। जनता के सामने भूपेश बघेल सरकार का सच पूरी तरह बेनकाब हो गया है और किसानों को अहसास हो चुका है कि ठगेस ने उन्हें ठग लिया है।

कांग्रेस ने लोगों को बांटने का काम किया : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव जीतने अपने जन घोषणापत्र में 36 वादे किए थे, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अब कांग्रेस फिर से जनता को ठगने की तैयारी में लगे हुए हैं, लेकिन कांग्रेस समझ ले कि एक बार उन्होंने लोगों को धोखा दे दिया, अब लोग दोबारा धोखा खाने वाले नहीं है। बृजमोहन ने कहा कि हमारे मुंह में राम, अल्लाह और ईसा मसीह है, क्योंकि भगवान एक है। इसको मुस्लिम अल्लाह के नाम से पुकारते हैं, हिन्दू राम के नाम से पुकारते हैं, और ईसाई यीशु के नाम से पुकारते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को बांटने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी कहती है कि जो सनातन है, वो हिंदू है। कांग्रेस की जो बांटने की रणनीति है, उसे मुस्लिम धीरे-धीरे समझने लगे हैं, कि उसे कांग्रेस ने सिर्फवोट बैंक बनाया है, इसलिए यूपी, बिहार से कांग्रेस साफहो गई। अब पूरे देश से साफ होने वाली है। बृजमोहन ने कहा कि भारत को तोड़ने वाले, भारत जोड़ो की बात कर रहे हैं।

जमाल सिद्दीकी अल्पसंख्यकों का नेता नही, बीजेपी का एजेंट : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष के प्रेस वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अनुपम फिलिप कहा कि जमाल सिद्दीक़ी अल्पसंख्यकों के नेता नहीं है। वो बीजेपी आरएसएस के एजेंट है। जमाल सिद्दीकी को हकीकत में अल्पसंख्यक वर्ग की चिंता होती तो वे अब तक भाजपा छोड़ चुके होते? मोदी सरकार बनने के बाद अल्पसंख्यक वर्ग के हितों के लिए मिलने वाले बजट में भारी कटौती किया गया है। अल्पसंख्यक वर्ग के बेहतरी के लिए कोई काम नहीं किया गया है। जमाल सिद्दीकी बताएं कि मोदी सरकार ने आखिरी पूर्ण बजट में अल्पसंख्यक मंत्रालय के बजट में भारी कटौती आखिर क्यों किया? क्या यह निर्णय अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय नहीं है? 2023-24 के लिए अल्पसंख्यक मंत्रालय को 3,097 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है जबकि 2022-2023 के बजट में यह राशि 5,020 करोड़ रुपये थी।

मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन बंद करने की साजिश रची गयी है। इसके लिए सिर्फ 10 लाख रुपये का बजट आवंटन इसी बात का संदेह पैदा करता है। नई मंज़िल को भी सिर्फ 10 लाख का बजट दिया गया है। स्किल डेवलपमेंट को भी दस लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। यह राशि इतने बड़े प्रोजेक्ट के लिये नाकाफी है। पिछले साल स्किल डेवलपमेंट का बजट 100 करोड़ रुपये था। यूपीएससी की तैयारी के लिए अल्पसंख्यक छात्रों को मिलनी वाली सुविधाएं बंद कर दी गयी है।

9 को मनेंद्रगढ़ में कांग्रेस का संकल्प शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मंत्री मोहन मरकाम, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, सांसद ज्योत्सना महंत 9 सितंबर को सुबह 11 बजे विधानसभा मनेन्द्रगढ़ के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। वहीं 9 सितंबर को दोपहर 01.30 बजे विधानसभा बैकुंठपुर के संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। जबकि दोपहर 3 बजे विधानसभा भरतपुर-सोनहट के संकल्प शिविर आयोजित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुरूप प्रायश्चित करें भूपेश और राहुल : चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने कहा है कि गौ हत्या के मामले में भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की संस्कृति और वैदिक परंपरा के अनुसार प्रायश्चित करने विधिवत रूप से 21 दिनों तक भिक्षा मांग कर उससे प्राप्त पैसों से पाटन विधानसभा के ग्राम बानबरद स्थित भगवान विष्णु के मंदिर में जाकर पूजा करें और स्वयं को गौ हत्या के पाप से मुक्ति दिलाएं। भूपेश बघेल के साथ-साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी समान रूप से गौ हत्या के दोषी हैं तो भूपेश बघेल उन्हें भी अपने साथ भिक्षा मांगने के लिए ले जाएं। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2 सितंबर को नया रायपुर में आयोजित राजीव मितान सम्मेलन के बाद फेंके गए खाने का सेवन करने से करीब 45 गायों की मृत्यु हुई है। जिसके लिए सीधे तौर पर इस आयोजन के यजमान भूपेश बघेल और मुख्य अतिथि राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। चुनाव के पहले जनता के पैसे पर जो आयोजन किया गया, उसमें माता अन्नपूर्णा का भी अपमान किया गया है। जिस बड़े पैमाने पर भोजन फेंका गया, वह जनता का पैसा ही है। जिसे कांग्रेस ने इस तरह फेंका है कि आधा सैकड़ा के करीब गौ माता परलोक सिधार गईं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति के नाम पर स्वांग करने वाले भूपेश बघेल के कृत्य से छत्तीसगढ़ राज्य भी अभिशप्त हुआ है क्योंकि राजा के कृत्य का परिणाम राज्य को भी भुगतना पड़ता है। यदि भूपेश गौ हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए संस्कृति के अनुरूप प्रायश्चित नहीं करते हैं तो छत्तीसगढ़ की जनता की मंगल कामना और भूपेश बघेल की वजह से गोलोक गमन कर चुकी गौ माताओं की आत्मा की शांति के लिए भाजपा ग्राम बानबरद स्थित भगवान विष्णु के मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ पूजा करायेगी।

भाजपा चुनावी गौ सेवक, गाय के नाम पर खाती है पैसा : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूरा प्रदेश ने देखा है जिस सरकार में अजय चंद्राकर मंत्री थे उस सरकार में भाजपा नेताओं के द्वारा संचालित गौशाला में गौ माता की निर्मम हत्या होती थी। गौ माता के हाड़ और मांस को भाजपा नेता मछलियों को खिलाया करते थे। गौ माता के नाम से अनुदान लेकर भाजपा के नेता खाते पीते थे। सरकारी जमीन पर कब्ज़ा करते थे। भाजपा को गौ माता का श्राप लगा है भाजपा ने गौ माता के साथ धोखा किया है जिसका ही परिणाम है कि भाजपा 15 साल के सत्ता के बाद 15 सीट में सिमट गई। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा चुनावी गौ सेवक है चुनाव में भोले भाले गौ सेवकों का वोट लेने के लिए गौ माता की जयकारा लगाती है।

इस बार 2840 मतदाता शतायु पार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग मतदाता सूची के अपडेशन का काम लगातार चल रहा है। पिछले 11 दिन में 100 साल से अधिक उम्र के 108 बुजुर्गों के नाम मतदाता सूची से काटे गए। क्योंकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान ये अपने पते पर उपलब्ध नहीं थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नए नामों को जोड़ रहा है और उन लोगों के नाम काट भी रहा है जिनकी या तो मृत्यु हो गई है या फिर जिन्होंने मतदाता सूची से अपने नाम हटा लिए हैं। फिलहाल, छत्तीसगढ़ में 2800 से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने आजादी के बाद 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लगातार वोट डालते आ रहे हैं। बता दें कि 26 अगस्त तक राज्य में 100 साल से ऊपर के 2948 मतदाता थे। लेकिन अब यह संख्या घटकर 2840 रह गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 11 सितंबर तक नाम जोड़ने और हटाने का काम चलेगा। इस दौरान आंकड़ों में और बदलाव आ सकता है। आयोग को अब तक करीब साढ़े 11 लाख आवेदन मिले हैं। इसकी स्क्रूटनी के बाद फाइनल डाटा 4 अक्टूबर को प्रकाशित होगा। अभी तक लगभग साढ़े पांच लाख मतदाता बढ़ चुके हैं। फिलहाल, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या दो करोड़ से पार हो चुकी है। प्रदेश में 80 साल से अधिक उम्र वाले करीब दो लाख मतदाता हैं। इनकी संख्या भी अपडेट की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बताया कि नाम जोड़ने और काटने का काम चल रहा है। 100 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या कम हुई है। इसका मतलब यही है कि वे अब नहीं रहे। हो सकता है कि कुछ यहां से नाम कटवा कर बाहर चले गए हों, लेकिन ऐसी संख्या बहुत ही कम होगी। अभी हमारा घर-घर अभियान चल रहा है। लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं।

कोको पहली बार अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में, जोकोविच भी पहुंचे

न्यूयॉर्क। अमेरिका की 19 वर्ष की कोको गॉ पहली बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गई जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6 . 0, 6 . 2 से मात दी। वह 2001 में सेरेना विलियम्स के बाद अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली देश की सबसे युवा महिला खिलाड़ी बन गई। पिछले 17 मैचों में यह उनकी 16वीं जीत थी और अब उनका सामना चेक गणराज्य की दसवीं रैंकिंग वाली कैरोलिना मुकोवा से होगा । फ्रेंच ओपन फाइनल खेलने वाली मुकोवा ने रोमानिया की सोराना क्रिस्टी को 6 . 0, 6 . 3 से हराया । पिछले साल वह अमेरिकी ओपन के पहले दौर से बाहर हो गई थी। पुरूष वर्ग में 23 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने नौवीं रैंकिंग वाले अमेरिका के टेलर फिट्ज को 6 . 1, 6 . 4, 6 . 4 से हराया । अब उनका सामना फ्रांसिस टियाफो या गैर वरीय अमेरिकी बेन शेल्टन से होगा।

चोटिल कमिंस, स्मिथ, स्टार्क और मैक्सवेल आस्ट्रेलियाई टीम में

मेलबर्न। पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ , मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को चोटों के बावजूद भारत में होने वाले विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है जबकि गेंदबाजी हरफनमौला सीन एबोट पहली बार टूर्नामेंट में खेलेंगे। कमिंस और स्मिथ कलाई की चोट से जूझ रहे हैं जो उन्हें एशेज श्रृंखला के दौरान लगी थी । वहीं स्टार्क और मैक्सवेल ग्रोइन और टखने की चोट का शिकार हैं। आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, ये सभी जल्दी ही फिट हो जायेंगे और भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला में उनके चयन की उम्मीद है । विश्व कप की अंतिम टीम के ऐलान से पहले भारत और दक्षिण अफ्रीका में आठ वनडे मैच खेलने हैं ।'' एडम जाम्पा और एश्टोन एगर दो स्पिनरों को टीम में जगह मिली है जबकि जोश इंगलिस बैकअप विकेटकीपर हैं । टीम में 28 सितंबर तक बदलाव किया जा सकता है। आस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका में पांच वनडे मैचों की श्रृंखला और भारत में तीन वनडे खेलने हैं । विश्व कप से पहले उसे नीदरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने हैं । विश्व कप में उसे आठ अक्टूबर को चेन्नई में भारत के खिलाफ पहला मैच खेलना है। आस्ट्रेलिया टीम : पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबोट, एश्टोन एगर, एलेक्स कारी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मिचेल स्टार्क, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा ।

बोपन्ना. एबडेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क। भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने पहले सेट में सात सेट प्वाइंट बचाते हुए नाथनिएल लैमोंस और जैकसन विथ्रो को हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने अमेरिकी जोड़ी को 7 . 6, 6 . 1 से हराया। बोपन्ना और एबडेन विम्बलडन सेमीफाइनल में वेसले कूलहोफ और नील स्कूपस्की से हार गए थे । 43 वर्ष के बोपन्ना के पास अपने कैरियर में दूसरी बार ग्रैंडस्लैम पुरूष युगल फाइनल में जगह बनाने का मौका है। वह 2010 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे थे। अब उनका सामना फ्रांस के पियरे हुगुएस हर्बर्ट और निकोलस माहुत से होगा जिन्होंने अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे और अलबानो ओलिवेट्टी को हराया । बोपन्ना मिश्रित युगल से दूसरे दौर में ही बाहर हो चुके हैं।

एशिया कप के पहले सुपर-4 मैच में जीता पाकिस्तान

सुपर-4 के अहम मुकाबले में बांग्लादेश का टॉप ऑर्डर फ्लॉप रहा। टीम के टॉप ऑर्डर में टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर नजमुल हुसैन शान्तो की कमी खली। वे हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण यह मैच नहीं खेल रहे थे। टीम के टॉप और लोअर ऑर्डर बैटर्स फेल रहे और बॉलर्स भी प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। फील्डिंग भी औसत रही। शान्तो की गैरमौजूदगी में टीम के बैटर्स पाकिस्तानी गेंदबाजों की मार नहीं झेल सके और टीम ने 47 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए। यहां से कप्तान शाकिब अल हसन ने मुश्फिकुर रहीम के साथ मिडिल ऑर्डर में शतकीय साझेदारी कर टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचाया, लेकिन टीम के गेंदबाज इसे डिफेंड करने में नाकाम रहे। पिछले मैच में चार विकेट लेने वाले तस्कीन भी एक विकेट ही ले सके। टीम के किसी बॉलर ने एक से ज्यादा विकेट नहीं लिया। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने जीरो के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। टीम ने 10 ओवर का खेल खत्म होते-होते 49 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। ओपनर मोहम्मद नईम 20, पिछले मुकाबले के शतकवीर मेहदी हसन मिराज 0, लिट्टन दास 16 और तौहीद हृदॉय 2 रन बनाकर आउट हो गए। हारिस रऊफ को दो विकेट मिले। शाहीन और नसीम के खाते में एक-एक विकेट आया। पाकिस्तान की धीमी, लेकिन संभली बल्लेबाजी 194 रन का टारगेट चेज करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत धीमी रही, लेकिन टीम के ओपनर्स ने संभली हुई बल्लेबाजी की। टीम ने 10 ओवर में एक विकेट पर 37 रन बनाए। फखर जमान 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोरिफुल इस्लाम ने स्क्कृ किया। पहला॰ (मेहदी हसन मिराज- 0 रन)॰ दूसरे ओवर की पहली बॉल पर नसीम शाह ने फखर जमान के हाथों कैच आउट कराया। हसन सीधी बॉल पर ब?ा शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन सही टाइमिंग नहीं होने की वजह से मिडविकेट पर वे फखर जमान को कैच दे बैठे। दूसरा॰ (लिट्टन दास- 16 रन)॰ 5वें ओवर की पांचवीं गेंद पर शाहीन अफरीदी ने रिजवान के हाथों कैच कराकर आउट किया। नसीम शाह 137 किमी की रफ्तार से आती गेंद को सेफ खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेट के पीछे मोहम्मद रिजवान को हाथों में चली गई। तीसरा॰ (मोहम्मद नईम- 20 रन)॰ 8वें ओवर की तीसरी बॉल पर हारिस रऊफ ने कॉट एंड बोल्ड कर दिया। चौथा॰ (तौहीद हृदॉय- 2 रन) ॰ 10वें ओवर की पहली बॉल पर हारिस रऊफ ने बोल्ड किया। पांचवां ॰ (शाकिब अल हसन- 53 रन) ॰ 30वें ओवर की पहली बॉल पर फहीम अशरफ ने फखर जमान के हाथों कैच कराया। छठा ॰ (शमीम हुसैन- 16 रन) ॰ 35वें ओवर की चौथी बॉल पर इफ्तिखार अहमद ने इमाम-उल-हक के हाथों कैच कराया। सातवां ॰ (मुश्फिकुर रहीम- 64 रन) ॰ 38वें ओवर की दूसरी बॉल पर हारिस रऊफ ने विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। आठवां ॰ (तस्कीन अहमद- 0 रन) ॰ 38वें ओवर की तीसरी बॉल पर हारिस रऊफ ने विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया।

फ्लडलाइट के कारण रोकना पड़ा पाक-बांग्लादेश मैच

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सुपर-4 स्टेज का पहला मैच खेला गया। बुधवार को हुए मुकाबले को पाकिस्तान ने 3 विकेट खोकर जीता, लेकिन मैदान की फ्लडलाइट्स बंद हो जाने के कारण मुकाबला बीच में रोकना पड़। इस दौरान पाकिस्तान की पारी के 5 ओवर हो चुके थे। पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए। बाबर आजम गेंद दब जाने के कारण बोल्ड गए और पाकिस्तानी ओपनर इमाम-उल हक रिव्यू में 3 बार बचे। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस स्टोरी में हम जानेंगे... शाहीन शाह ने 7वें ओवर की दूसरी गेंद 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी। गेंद बल्लेबाज मोहम्मद नईम के पैड पर लगकर फाइन लेगी की ओर चली गई। नसीम गेंद को रोकने के लिए ब?ी तेजी से अपने बाईं तरफ दौ? और डाइव लगा दी। डाइव के कारण उन्हें चोट लग गई। उनकी जगह पर मोहम्मद हारिस फील्डिंग करने के लिए आए। कुछ देर बाद नसीम शाह मैदान पर वापस लौट आए। उन्होंने गेंदबाजी की और 34 रन देकर 3 विकेट भी निकाले। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में फ्लडलाइट्स चालू नहीं होने के कारण पाकिस्तान-बांग्लादेश मैच रोकना पड़ा। रुकावट शाम 6॰55 बजे आई, इस वक्त पाकिस्तान का स्कोर 5 ओवर में 15 रन के स्कोर पर 0 विकेट था। करीब 20 मिनट की रुकावट के बाद फ्लडलाइट्स चालू हुई और खेल फिर शुरू किया गया।

बिजनेस

सामंथा रुथ प्रभु, फ्रेडी दारूवाला से लेकर पंकज त्रिपाठी तक के स्क्रीन प्रेजेस ने खड़े कर दिए लोगों के रोंगटे

भारत में ओटीटी क्रांति शुरू करने वाले शो में से एक नाम मिर्ज़ापुर का भी है जो अपने ग्रे किरदारों के लिए जाना जाता है। इस शो से जुड़े प्रत्येक कलाकार ने दमदार परफॉर्मेंस दी थीं परंतु मुन्ना भैया फैंस के पसंदीदा किरदारों में से एक है। वह मजाकिया, व्यंग्यात्मक होने के साथ-साथ निर्दयी और रक्तरंजित भी है। हालाँकि उसकी हरकतें आपको डरा सकती हैं, लेकिन जिस तरह से वह ऐसा करता है उसका अपना एक आकर्षण है।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी और सैफ अली खान सेक्रेड गेम्स के साथ भारतीय ओटीटी पर पहला बड़ा शो देने के लिए एक साथ आए थे और नवाजुद्दीन जैसे महान खलनायक के कारण सैफ का चित्रण और भी प्रभावी हो गया। अगर उनके अंदर हिंसा थी तो प्यार भी था और उनकी उत्पत्ति की कहानी भी उतनी ही दिलचस्प थी ।अभिषेक बनर्जी वास्तव में डिजिटल माध्यम पर सबसे प्रभावशाली और बहुमुखी अभिनेताओं में से एक बन गए हैं। उन्होंने अलग-अलग शेड्स में अलग-अलग किरदार दिए हैं लेकिन पाताल लोक में उनका किरदार हमेशा खास रहेगा। एक्टर ने दिखाया कि कैसे डायलॉग्स के बिना भी आप प्रभाव छोड़ सकते हैं. यह उनकी आँखें और आचरण ही थे जो बात करते थे और उन्होंने उस चित्रण के बाद वास्तव में सभी को उनसे डरने पर मजबूर कर दिया। फ्रेडी दारूवाला ने अपने करियर की शुरुआत अक्षय कुमार की फ़िल्म हॉलिडे के साथ एक खलनायक के रूप में की, और स्क्रीन पर एक अभिनेता के रूप में अपनी ताकत को मजबूत करते हुए विभिन्न भूमिकाएँ निभाईं। क्रैकडाउन 2 के साथ, वह एक आतंकवादी के रूप में नजर आए। अविस्मरणीय स्क्रीन उपस्थिति और जादुई आंखों के साथ, वह दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहे। अभिनेता ने इस भूमिका को इतनी कुशलता से निभाया कि आप उससे नफरत किए बिना नहीं रह सकते और यही एक सफल अभिनेता की निशानी है।साउथ इंडस्ट्री पर राज करने के बाद सामंथा ने डिजिटल मीडियम पर हिंदी डेब्यू कर एक अनोखा कदम उठाया। अभिनेत्री ने द फैमिली मैन 2 में राजी की भूमिका निभाई और तुरंत हिट हो गई। सामंथा अपने हिस्से में एक भेद्यता लेकर आई और फिर भी वह मजबूत और उग्र थी। राजी के साथ, सामंथा ने ओटीटी पर सबसे यादगार अभिनय किया और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते। उन्होंने दिखा दिया कि साउथ में उन्हें क्वीन क्यों माना जाता है और अब हिंदी दर्शक भी इस बात से सहमत हैं. पहले सफल सीज़न की लेगेसी को आगे बढ़ाना आसान नहीं है, खासकर तब जब शो अग्रणी रहा हो। लेकिन सेक्रेड गेम्स 2 ने ऐसा करने में सफल रही और इसकी एक बड़ी वजह थे पंकज त्रिपाठी। सीज़न 1 में भी उनके चरित्र का उल्लेख किया गया था और इस बात पर बहुत अधिक उम्मीदें थीं कि अब और क्या होगा लेकिन अभिनेता सीज़न 2 में कमाल कर दिया। उसने एक ऐसा चित्रण किया जो दर्शकों के साथ युगों तक रहेगा।

सरकार दे रही 1 करोड़ रुपए जीतने का अवसर

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने लोगों को जीएसटी अदा करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए मेरा बिल मेरा अधिकार योजना शुरू की है। इस योजना का फायदा उठाकर उपभोक्ता 1 करोड़ तक के इनाम जीत सकते हैं। योजना की शुरुआत 1 सितंबर से कर दी गई है। पहले चरण में यह योजना असम, गुजरात, हरियाणा, पुडुचेरी, दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली में लागू की गई है। मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना के तहत जीएसटी बिल अपलोड करने वाले लोगों को 10 हजार रुपये से लेकर 1 करोड़ रुपये तक का इनाम मिल सकता है। सरकार 10-10 हजार रुपये के 800 मासिक इनाम ग्राहकों को देगी। इसके अलावा हर महीने 10 ऐसे लोगों को भी चुना जाएगा।

विंक स्टूडियो ने केके मेनन अभिनीत फिल्म 'लव ऑल' के म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल किए

गुरुग्राम। डाउनलोड और डेली एक्टिव यूजर्स के मामले में भारत के नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप विंक म्यूजिक ने आज घोषणा की कि भारत के सबसे बड़े म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन इकोसिस्टम विंक स्टूडियो ने के. के. मेनन अभिनीत फिल्म ÷लव ऑल के डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल कर लिए हैं।

लव ऑल फिल्म बैडमिंटन सुपरस्टार पी. गोपीचंद के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म का निर्माण आनंद पंडित के साथ महेश भट्ट और पी. गोपीचंद ने किया है। यह फिल्म 01 सितंबर को एम. रमेश के लक्ष्मी गणपति फिल्म स्टूडियोज द्वारा रिलीज हुई । सुधांशु शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में स्वस्तिका मुखर्जी, रॉबिन दास, श्रीश्वरा, अतुल श्रीवास्तव और राजा बुंदेला भी हैं। फिल्म में ये पांच कर्णप्रिय गाने हैं, जो विंक पर पहले से ही उपलब्ध हैं-

1. बातों बातों में, गायक - जुबिन नौटियाल
2. गीली सी सुबह, गायक - पपोन
3. चल उठ झटपट, गायक - सोनू निगम
4. लव ऑल बोल दे, गायक - के. के. मेनन
5. साहस दो साहस, गायिका - अंजलि गायकवाड़

वितरण व्यवस्था के बारे में बोलते हुए एयरटेल डिजिटल के सीईओ और एयरटेल के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर आदर्श नायर ने कहा, ''विंक स्टूडियो की स्थापना स्वतंत्र कलाकारों को एक क्रिएटिव आउटलेट की पेशकश करने की दृष्टि से की गई थी, जो उन्हें किसी भी मॉनिटाइजेशन और खोज संबंधी मुद्दों में भी मदद करेगा, जिनका कि उन्हें सामना करना पड़ता है। हमें स्वतंत्र कलाकारों के साथ बड़ी सफलता मिली है और वर्तमान में हमारे रोस्टर में 1000 कलाकार हैं। यह डिस्ट्रिब्यूशन पार्टनरशिप उन प्रोड्यूसर्स के लिए नए रास्ते खोलेगी, जो डिजिटल डिस्ट्रिब्यूशन की तलाश कर रहे हैं और एयरटेल की पहुंच और कनेक्टिविटी की अंतर्निहित ताकत का फायदा उठाना चाहते हैं।''

विंक स्टूडियो अपनी स्थापना के बाद से लगातार मजबूत होता गया है। इसने हाल ही में कई स्वतंत्र एकल गाने वितरित किए हैं।

1.3 बिलियन तक पहुंचा ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन

नई दिल्ली। दूसरी तिमाही में ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन में 175 मिलियन की वृद्धि हुई, जबकि इस अवधि में सात मिलियन से अधिक नए यूजर्स के साथ भारत में समग्र मोबाइल सब्सक्रिप्शन में सबसे अधिक वृद्धि हुई।

एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी तिमाही में शामिल होने से 5जी सब्सक्रिप्शन की वैश्विक संख्या 1.3 बिलियन के करीब पहुंच गई है। दूसरी तिमाही में, मोबाइल सब्सक्रिप्शन की संख्या कुल 8.3 बिलियन हो गई, जिसमें तिमाही के दौरान 40 मिलियन सब्सक्रिप्शन की शुद्ध वृद्धि हुई। यूनिक मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या 6.1 बिलियन थी। तिमाही के दौरान भारत में सबसे अधिक शुद्ध वृद्धि (7 मिलियन से अधिक) हुई। भारत के बाद चीन (पांच मिलियन) और अमेरिका (तीन मिलियन) मोबाइल सब्सक्राइबर्स रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, लगभग 260 कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स (सीएसपी) ने कमर्शियल 5जी सर्विस लॉन्च की हैं। लगभग 35 सीएसपी ने 5जी स्टैंडअलोन (एसए) नेटवर्क लॉन्च किया है। दूसरी तिमाही में ग्लोबल मोबाइल सब्सक्रिप्शन पहुंच 105 प्रतिशत थी। तिमाही में मोबाइल ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन की संख्या में लगभग 100 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल 7.4 बिलियन हो गई, जो साल-दर-साल 5 प्रतिशत की वृद्धि है। निष्कर्षों से पता चला कि अब सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन में मोबाइल ब्रॉडबैंड की हिस्सेदारी 88 प्रतिशत है। दूसरी तिमाही 2022 और दूसरी तिमाही 2023 के बीच मोबाइल डेटा ट्रैफिक में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 4जी सब्सक्रिप्शन में 11 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल मिलाकर लगभग 5.2 बिलियन है और सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 62 प्रतिशत है।

शक्ति पंप्स ने एनर्जी एफिशिएंट मोटर के लिए प्राप्त किया एक और पेटेंट

पीथमपुर/नवप्रदेश। भारत में एनर्जी एफिशिएंट पम्प और मोटर बनाने में लीडिंग मैन्युफैक्चरर शक्ति पम्पस् को हाल ही में अपनी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी ÷हाई स्टार्टिंग टॉर्क डायरेक्ट लाइन ऑपरेटेड एनर्जी एफिशिएंट मोटर शक्ति स्लिप स्टार सिंक्रोनस रन मोटर SyRM के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ। शक्ति पम्पस् को इस टेक्नोलॉजी के लिए पिछले माह अगस्त में ङ्क के यूनाइटेड स्टेट एंड ट्रेडमार्क ऑफिस से पेटेंट प्राप्त हुआ था, अब कम्पनी ने भारत में भी भारतीय पेटेंट अधिनियम 1970 के अनुसार यह पेटेंट हासिल किया जिसकी वैलिडिटी फाइल करने की दिनांक से 20 वर्ष तक है। ऐसे कंपनी के पास कुल 3 पेटेंट है तथा 25 अन्य पेटेंट के लिए डोमेस्टिक और इंटरनेशनल न्यायालयों में आवेदन किया जा चुका है। इस मोटर में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है जिससे बिजली की खपत में कमी आएगी। यह मोटर न केवल एफिशिएंसी से संचालित होती है बल्कि बेहतर पावर फैक्टर के कारण ट्रांसमिशन के दौरान एनर्जी लॉस को कम कर संपूर्ण इलेक्ट्रिकल सिस्टम को अधिक एफिशिएंट बनाने में भी मदद करती है। मोटर बिजली वितरण प्रणालियों में एनर्जी कंजर्वेशन और कॉस्ट सेविंग दोनों के लिए फायदेमंद है। इस महत्वपूर्ण डेवलपमेन्ट पर अपने विचार साझा करते हुए, चेयरमैन श्री दिनेश पाटीदार जी ने अपनी उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि - हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कंपनी ने अपने न्यू इनोवेशन के माध्यम से जो पेटेंट प्राप्त किया है उससे किसानों और इंडस्ट्री के साथ पर्यावरण को भी बहुत फायदा होगा जिससे शक्ति पम्पस् भारत के ऊर्जा लक्ष्य को पूर्ण करने में अपना सहयोग प्रदान करेगी।

न्यूज गैलरी

भारी मात्रा में शराब जब्त, गिरफ्तार

सरगुजा/नवप्रदेश। संभागीय उड़नदस्ता सरगुजा और जिला आबकारी सरगुजा की टीम ने सोमवार को बड़ी मात्रा में मध्य प्रदेश की शराब जब्त की है। वहीं पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर थाना दरिमा अंतर्गत परसोढी ग्राम के कृष्णा कुमार सेमरिया के घर से 43 पेटी मध्यप्रदेश की 387 लीटर शराब जब्त की. जिसकी कीमत बाजार में करीब 2,50,000 रुपये है. उक्त आरोपी को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया।उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। साथ सहायक जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र पांडेय, आबकारी उप निरीक्षक सौरभ साहू, आनंद भोई और संभागीय उड़नदस्ता संभाग- सरगुजा एवं जिला आबकारी टीम के सभी आरक्षक एवं मुख्य आरक्षक भी शामिल रहे. विधानसभा चुनाव के पहले आबकारी टीम को ये सफलता हाथ लगी है. वहीं संभागीय उड़नदस्ता टीम का कहना है कि ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

ट्रेन से टकराने से कार क्षतिग्रस्त

कोरबा/नवप्रदेश। दीपका क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और प्रबंधन और प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। दीपका चौक कोरबा-हरदीबाजार से बिलासपुर की ओर जाने के लिए एकमात्र रास्ता है। इसी मार्ग में ट्रक और रेलवे के माध्यम से कोयला का परिवहन एसईसीएल प्रबंधन द्वारा किया जाता है। इससे मार्ग में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सोमवार को हुई दुर्घटना से रेलवे प्रबंधन की घोर लापरवाही सामने आई। बताया जा रहा है कि रायपुर से बाल्को अपनी ब्रेजा गाड़ी में आ रहे कौशिक परिवार दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। वाहन में अन्नपूर्णा कश्यप, रविकांत कौशिक, बृहस्पति कौशिक व श्यामंता देवी सवार थे। जब वाहन क्रासिंग पहुंचा, तब ट्रेन की चपेट में आने के बाद बाल-बाल बच गया । पर वाहन ठोकर लगने से क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों का कहा है कि इतने व्यस्त मार्ग में केवल एक तरफ फाटक लगाया गया है और दूसरी ओर फाटक नहीं लगाया गया था। इसकी वजह से कई बार हादसा होते-होते बच गया। बावजूद रेलवे प्रबंधन अभी तक फाटक लगाने की जरूरत तक नहीं समझ रहा है।

बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कोरबा श्री शशिकांत कुर्रे और तहसीलदार दर्री श्री राजेन्द्र भारत के नेतृत्व में सर्वमंगला, कुसमुंडा, इमलीछापर मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरूस्ती हेतु कार्यवाही की गई। जिसमें इन मार्गो में नो पार्किंग एरिया व बीच सड़क में बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 71 वाहनों पर 76 हजार 700 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया।

युकां अध्यक्ष के साथ 3 लोगों ने की मारपीट

कोरबा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिवम राय के साथ 3 लोगों ने हमला कर मारपीट किया है। करतला निवासी शिवम राय रामपुर विधानसभा का युवक कांग्रेस अध्यक्ष है। वह बुधवार को दोपहर 12 बजे मारूति अल्टो कार क्रमांक सीजी.12एएस-4590 से पार्टी के काम से ग्राम रामपुर के लिए निकला था। रास्ते में धसकामुड़ा रोड में दोस्त अमन अग्रवाल मिला जिसे साथ लेकर रामपुर बस स्टैण्ड के पास अन्नपूर्णा कृषि केन्द्र के सामने दोपहर करीब 12.30 बजे पहुंचा था। यहां पुरानी रंजिश को लेकर अन्नपूर्णा कृषि केन्द्र के संचालक अरूण बघेल, नरेश बघेल और नरेश के दामाद के द्वारा कार को रोक कर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडा से मारपीट किया। मारपीट में शिवम और अमन को चोटें आई है। शिवम राय की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 341, 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

मामूली विवाद पर युवक को चाकू मारा

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा थाना क्षेत्र के राताखार पुल के पास दो युवकों ने मिलकर एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुसमुंडा के रहने वाले अफ्रोज अंसारी और फिरोज अंसारी के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। फिरोज मलिक की ब्लॉक-15 में टायर की दुकान है। वो दुकान बंद करके अपने दोस्त साहिल यादव के साथ घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान राताखार पुल के पास अफ्रोज पहुंचा और विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौका मिलने पर आरोपी ने प्रार्थी पर चाकू से हमला कर दिया। उसे बचाने के लिए साहिल आया, तो आरोपियों ने उसे भी घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर दोनों युवक भाग निकले। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 15 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने सम्राट टाकीज के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनीष बाघमारे 23 वर्ष, प्रमोद मानिकपुरी 30 वर्ष व शत्रुहन धीवर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी धनेश्वर ध्रुव 24 वर्ष व विनय तिवारी 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी शम्भु यादव 23 वर्ष व मोवा पुलिस ने आरोपी एच एन साहु 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार साहू 30 वर्ष, नारद साहू 48 वर्ष व संजय सिन्हा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना कैम्प पुलिस ने आरोपी खेदूराम साहू 50 वर्ष व राजू भारती 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी विनोद गायकवाड़ 35 वर्ष, अभनपुर पुलिस ने आरोपी दिनेश सिन्हा 37 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी भाकुमदास केंवट 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

टूट गई बारिश की आस, अब शासन से राहत की आशा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में इस वर्ष बारिश कम हुई है , हालांकि शुरुवात में अच्छी बरसात हुई जिसे देखते हुये किसानों को अच्छी फसल की उम्मीद थी। डिप्टी डाइरेक्टर एग्रीकल्चर संदीप भोई के अनुसार लक्ष्य के अनुरूप इस खरीफ सीजन जिले में सौ प्रतिशत बोआई हुई है , किन्तु अब बारिश की कमी की वजह से रोपाई और बयासी कार्य पिछड़ गया है। जिले में अब तक 73.8 प्रतिशत औसत वर्षा हुई है, जिले के अमलीपदर क्षेत्र में सबसे कम वर्षा हुई है।

सूखा घोषित करने की मांग

मैनपुर ब्लॉक कांदाडोंगर क्षेत्र के 11 पंचायतों के सैकड़ों किसानों ने आज बुधवार 6 सितम्बर को जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को पत्र सौपते सूखा अकाल घोषित करने की मांग की है। कांदा डोंगर कुलेश्वरी दाई किसान संघर्ष समिति खोखमा (धुरवागुड़ी) के अध्यक्ष चित्रसेन नागेश की अगुवाई में ग्राम पंचायत खोखमा , सिहारलाटी , मदांगमुड़ा , बुडगेलटप्पा , सराइपानी , सगड़ा , फरसरा , डुमाघाट , गोड़ियारी , उसरीजोर , भेंसमुडी के किसानों ने बताया कि वर्षा के अभाव में इस खरीफसीजन धान की फसल सुख चुकी है , अब तक बयासी और रोपाई कार्य भी नही हुआ है और अब उम्मीद भी नहीं है। किसानों ने कलेक्टर से मांग की क्षेत्र को सुखा घोषित किया जाये। उन्होंने किसानों को प्रति एकड़ 60 हजार रुपये मुवावजा , कर्जा माफी तथा आगामी खरीफफसल के लिये खाद बीज की भी मांग की है। इसी कड़ी में उन्होंने क्षेत्र में सुखा राहत कार्य के तहत रोजगार देने की भी मांग की है।

जनचौपाल में भी सूखा राहत की मांग

मंगलवार कलेक्टर जनचौपाल में भी कामेंपुर के किसानों द्वारा अकाल घोषित कर सूखा राहत दिये जाने की मांग की थी। कामेंपुर के किसान उदयसिंह ,पदमसिंह ,श्यामलाल ,खामसिंह ने बताया कि कम वर्षा की वजह से हमारी फसल सुख चुकी है। अब हम किसानी का कर्ज नही चुका पायेंगे।

सौ प्रतिशत धान की बोआई हुई खरीफ सीजन में

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस खरीफसीजन जिले में धान रोपा 25 . 632 हजार हेक्टेयर में तथा धान बोता 78 . 528 हजार हेक्टेयर में इस प्रकार कुल 104 .160 हजार हेक्टेयर में धान की बोआई हुई है। लक्ष्य अनुसार खरीफवर्ष 2023 में सौ प्रतिशत धान की बोआई हुई है।

भाजपा और कांग्रेस में ही होगा सीधा मुकाबला

राजेश शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। वर्ष के अंत तक होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट चालू हो गई है।पिछले विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की चली आंधी के बाद भी भाजपा के शिवरतन शर्मा यहां से चुनाव जीतने में सफल हो गए थे।इस बार भाजपा और कांग्रेस के मध्य सीधा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है,लेकिन पिछले दो विधान सभा चुनाव से इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा के पास है,जिसका कारण कांग्रेस के अलग अलग खेमे बाजी ही समझ आ रही है। वर्तमान चुनाव के लिए कांग्रेस ने 22 अगस्त तक टिकट चाहने वालों से आवेदन ब्लाक कांग्रेस के पास देने का निर्देश जारी किया था,जिसके

कारण भाटापारा विधानसभा से कांग्रेस की टिकट चाहने वाले 52 लोगो ने निर्धारित समयावधि में अपना आवेदन जमा किया था। इतने ज्यादा तादाद में कांग्रेस की टिकट चाहने वालो की संख्या को लेकर तर्क वितर्क भी सुनाई दे रहा है।कुछ लोगो की इस मामले में कांग्रेस के प्रति निष्ठा,टिकट की चाह,चुनाव जीतने की संभावना को माना जा रहा है तो वही अन्य लोगो का नजरिया कांग्रेस की गुटबाजी को माना जा रहा है जिसके चलते इतने ज्यादा तादाद में आवेदन को माना जा रहा है। गत दिवस हुए कांग्रेस के संकल्प शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यहां आए आवेदन को लेकर कहा था की टिकट किसी एक को ही मिलेगी और लोग एक जुटता से कांग्रेस प्रत्यासी को जिताने का संकल्प ले।वैसे भी भाटापारा सीट को लेकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को इशारे में गुटबाजी से बचने की सलाह दी है।

कांग्रेस को मिल सकता है फ्रेश चेहरा

कांग्रेस के इस गढ़ को पुनः कांग्रेस के हाथो में देखने की मंशा के बीच नगर में कयास लगने चालू हो गए की कांग्रेस के 52 दावेदारों में से भाजपा के संभावित प्रत्यासी का सामना करने में कौन प्रत्यासी सक्षम हो सकता है,जो हर दृष्टिकोण से सामना कर सके,वैसे कांग्रेस की राजनीति से जुड़े लोगो की माने तो भाटापारा सीट को जीतने कांग्रेस एकदम से नए ,फ्रेस चेहरे को मैदान में उतार कर यहा की गुटबाजी से निजात पा सकती है क्युकी कांग्रेस के नेताओ का मानना है की कांग्रेस के नए चेहरे का लाभ कांग्रेस को मिलेगा और भाजपा से सीधा मुकाबला होने पर नया चेहरा सीट को निकाल सकेगा।बहरहाल अभी आगे की परिस्थितियां क्या करवट लेती है,ये तो समय के गर्भ में छुपा हुआ है क्युकी दोनो ही राजनीतिक पार्टी ने अपने दावेदार का नाम घोषित नही किया है।

प्रेमिका को जिंदा जलाने वाले को आजीवन कारावास

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रेमिका को मिट्टीतेल डालकर जिंदा जलाने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है वहीं आरोपी को सहयोग करने वाले को तीन वर्ष की सजा सुनाई गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामला थाना सुहेला क्षेत्र के ग्राम मल्दी का है। यहां रहने वाले आरोपी अजय वर्मा ने गांव में ही रहने वाले अपनी प्रेमिका गंगा यादव के ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर मार डाला था। इस मामले में आरोपी का सहयोग करने वाले अमनचंद रौतिया को न्यायालय ने 3 साल की सजा सुनाई है। बताया जाता है कि 16-17 अगस्त 2020 को आरोपी ने मृतका गंगा यादव को मिलने के लिए गांव के ही एक सामुदायिक भवन में बुलाया था। यहां विवाद होने पर आरोपी ने अपने पास रखे मिट्टीतेल को गंगा के ऊपर छिड़क कर उसे जिंदा जला दिया था। मामले में अपराध सिद्ध होने के बाद न्यायालय में जहां आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तो वहीं सह आरोपी को भी दंडित किया है।

ईवीएम मशीन की लगी प्रदर्शनी

भाटापारा/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर के कृषि उपज मंडी,विद्युत मंडल दफ्तर,जनपद कार्यालय अन्य स्थानों पर आम जनता के अवलोकन हेतु ई.व्ही.एम.डेमोंस्ट्रेशन मशीन की प्रदेशनी लगाई गई,जिसमे आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके।

विदित हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देशानुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शतप्रतिशत मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने हेतु लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मतदाताओं को ई.व्ही.एम.एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए सोमवार को एक बार फिर शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों सहित कृषि उपज मंडी,जनपद कार्यलय, बिजली आफिस डिविजन आफिस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की प्रदर्शनी लगाई । इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम का प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 07 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में कटकर गिर जाती है। जानकारी अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्रों में ई.व्ही.एम.मोबाईल यूनिट से वीवी पैट का प्रदर्शन किया जा रहा है जिसके माध्यम से ग्रामीण भी अपने गांव में ही मोबाईल यूनिट से वीवी पैट प्रदर्शन का लाभ ले सके।

अवैध शराब बेचते रंगे हाथों एक आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश । पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर शराब बेचने वाले कोचियों के रंगेहाथों गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे डोगरगांव पुलिस द्वारा जारी अवैध शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ जारी अभियान के तहत आबकारी रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी वेदकुमार सिन्हा

पिता हरिराम सिन्हा उम्र- 36 साल,राजा खुज्जी, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, छ0ग0, के पास से 15 अद्धी देशी प्लेन शराब, छ0ग0 निर्मित, प्रत्येक मे 375 एमएल भरा हुआ, जुमला 5.625 लीटर, कीमती 2400/रूपये एवं अवैध शराब बिक्री नगदी रकम 320/- रूपये कुल जुमला रकम 2720/- को जप्त कर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अप0 दर्ज की गई है । उक्त कार्यवाही मे सउनि विजय साहू,आर0 1507 राकेश साहू ,845 टीकाराम ध्रुव का कार्य सराहनीय रहा ।

बिजली की आंख मिचौली से जनता त्रस्त

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अजीत जोगी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष टिंकू देवांगन ने बताया है कि लगातार हो रही विद्युत कटौती की समस्या को राज्य सरकार को साजिश बताते हुए इसके विरोध में विद्युत विभाग का घेराव करने की चेतावनी दी है उन्होंने कहा कि डोंगरगांव सहित पूरे प्रदेश में पिछले कई महीनों से बिजली कटौती षड्यंत्र चल रहा है जो दूसरे राज्यों को लाभ पहुंचाने की सोची समझी साजिश है श्री देवांगन ने कहां की डोंगरगांव में रोजाना आवश्यक कार्य के नाम से घंटों बिजली कटौती की जा रही है उसके बावजूद हल्की सी बारिश

और हवा तूफान में घंटों बिजली गुल कर दी जाती है 24 घंटे बिजली का दावा करने वाली सरकार जनता की कोई चिंता नहीं है बिजली विभाग द्वारा सूचना प्रसारित भी नहीं किया जाता नगर के विभिन्न वार्डो में अमुक समय से अमुक समय तक बिजली बंद रहेगी करके आखिर बिजली विभाग रोज ऐसा कौन सा आवश्यक कार्य करता है जिसके लिए रोजाना बिजली गुल करनी पड़ती है लेकिन उसके बाद भी थोड़ी सी बारिश में घंटों लाइट गुल हो जाती है और लाइट गुल होने के कारण लोगों को गर्मी में परेशानी उठाने के साथ-साथ पानी की सप्लाई भी बंद हो जाती है नगर की जनता बिजली की आँख में मिचौली से त्रस्त हो चुकी है जनता की इस गंभीर समस्या यदि दो दिन के भीतर नहीं की गई तो अजीत जोगी युवा मोर्चा बहुत जल्द विद्युत विभाग की घेराव करेगी।

11 को आजीविका ऋण मेला का होगा आयोजन

■ **चेंबर अध्यक्ष ने की व्यापारियों से लाभ उठाने की अपील**

गरियाबंद /नवप्रदेश। 11 सितम्बर को जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत गरियाबंद के सामुदायिक भवन में आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया गया है। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। साथ ही स्वसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज, शासकीय एवं स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना का विस्तार सहित नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन कराने की सुविधा मुहैया करवाई जायेगी। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आजीविका ऋण मेला में अधिक

से अधिक हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश बैंक अफसरों को दिये।

इधर, चेंबर ऑफ कामर्स गरियाबंद के अध्यक्ष प्रकाशचंद रोहरा ने जिले के सभी व्यापारी बंधुओ से ऋण मेला में शामिल होकर शासन की महती मुद्रा ऋण योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नया व्यापार शुरू करने अथवा अपने व्यापार को बढ़ाने हेतु यह शासन को बेहतर योजना है। ज्ञात हो की कुछ दिनों पहले ही व्यापारियों के हित में चेंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष प्रकाश रोहरा लीड बैंक मैनेजर को ज्ञापन सौंप ऋण मेला आयोजित करने की मांग की थी।

दुकान का ताला तोड़कर किया कब्जा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम जुलूम स्थित मां रानी ज्वेलर्स का ताला तोड़कर तीन लोगों ने सामान एवं जेवर को हटाकर दुकान पर कब्जा कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आकाश सोनी 33 वर्ष कृष्णा नगर टिकरापारा का रहहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी आरोपियों का दुकान किराए पर लेकर मां रानी ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाता है। जिससे आरोपी आनंद साहू, यशवंत साहू व अन्य ने दुकान का ताला तोड़कर सामान व जेवर को हटाकर दुकान पर कब्जा कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 447, 448, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।